पौष कृष्ण - 10 · संवत 2080 · वर्ष - 19 · अंक - 162 · पृष्ठ - 8 · रु. 5/- · बेंगलूरु » शनिवार » 06-01-2024 · www.dakshinbharat.com · Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 ममता के नेतृत्व वाली सरकार का बंगाल की सत्ता में बने रहना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा: भाजपा

6 'हिट एंड रन' पर सख्ती से पहले व्यवस्थाओं की हो दुरुस्तगी

7 भारत विरोधी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी : खान






## फर्स्ट टेक

### धोनी ने पूर्व साझेदारों के खिलाफ आपराधिक मामला दायर किया

**रांची/भाषा।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एम एस धोनी ने अपने दो पूर्व व्यावसायिक साझेदार के खिलाफ यह दावा करते हुए एक आपराधिक मामला दायर किया है कि उन्होंने क्रिकेट अकादमी स्थापित करने से संबंधित अनुबंध का पालन नहीं कर उन्हें लगभग 16 करोड़ रुपए की चपत लगाई है। यह जानकारी धोनी के वकील ने दी। यह मामला खेल प्रबंधन कंपनी आरका स्पोर्ट्स के दो निदेशकों के खिलाफ एक निचली अदालत में दायर किया गया है। पटना की एक लॉ फर्म विधि एसोसिएट्स से धोनी के अधिवक्ता दयानंद सिंह ने कहा कि उन्होंने धोनी की ओर से रांची की एक सक्षम अदालत में आरका स्पोर्ट्स के निदेशक मिहिर दिवाकर और सौम्या विश्वास के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406 और 420 के तहत आपराधिक मामला दायर किया है।

### ईडी ने राकांपा प्रमुख शरद पवार के पोते की कंपनी पर छापेमारी की

**मुंबई/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले के सिलसिले में धन शोधन मामले की जांच के तहत शुक्रवार को बारामती एग्रो और उससे जुड़ी कंपनी के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। बारामती एग्रो कंपनी के मालिक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सुप्रीमो शरद पवार के पोते और विधायक रोहित पवार हैं। सूत्रों के मुताबिक, बारामती, पुणे, औरंगाबाद और अमरावती में कम से कम छह ठिकानों पर छापेमारी की गई। बारामती कस्बे में बारामती एग्रो के कार्यालय पर भी छापेमारी की गई। महाराष्ट्र विधानसभा में कर्जत जामखेड सीट से राकांपा विधायक रोहित पवार (38) बारामती एग्रो के मालिक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। रोहित, बारामती से सांसद सुप्रिया सुले और अजित पवार के भतीजे हैं। अजित बारामती से विधायक और राज्य के उपमुख्यमंत्री हैं।

| 06-01-2024 | 07-01-2024 |
|---|---|
| सूर्यास्त 6:07 बजे | सूर्योदय 6:43 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 72,026.15 | 21,710.80 |
| (+178.58) | (+52.20) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,571 रु. | 73,894 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# प्रभु श्री राम की नगरी को दुनियाभर से जोड़ने के लिए कृतसंकल्प है सरकार : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से अयोध्या हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अयोध्याधाम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने पर कहा कि उनकी सरकार इस पावन नगरी को दुनियाभर से जोड़ने के लिए कृतसंकल्प है।

प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, प्रभु श्री राम की पावन नगरी अयोध्या को दुनियाभर से जोड़ने के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। इसी कड़ी में यहां के हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने के साथ ही इसका नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम' रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा, यह कदम महर्षि वाल्मीकि जी को देशभर के हमारे परिवारजनों की ओर से एक आदरपूर्ण श्रद्धांजलि है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अयोध्याधाम' करने के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने का भी निर्णय लिया गया।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी योजना के लिए 4,797 करोड़ की धनराशि को मंजूरी दी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार ने 2021 से 26 तक पांच वर्ष की अवधि में 4,797 करोड़ रुपए की लागत से जारी पृथ्वी विज्ञान से संबंधित पांच उप-योजनाओं वाली एक व्यापक पहल पृथ्वी विज्ञान को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उप-योजनाओं को जोड़ने करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इन योजनाओं में जलवायु अनुसंधान-प्रारूप निरीक्षण प्रणाली और सेवाएं, महासागर सेवाएं, प्रारूप अनुप्रयोग, संसाधन एवं प्रौद्योगिकी, ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान भूकंप विज्ञान और भूविज्ञान और अनुसंधान, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं आउटरीच शामिल हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, पृथ्वी विज्ञान व्यापक योजना विभिन्न एमओईएस संस्थानों में एकीकृत बहु-विषयक पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान और नवीन कार्यक्रमों के विकास को सक्षम बनाएगी।

## पृथ्वी विज्ञान योजना लागू करने का फैसला 'परिवर्तनकारी' है : मोदी

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पृथ्वी विज्ञान योजना लागू करने का फैसला 'परिवर्तनकारी' है और इससे प्राकृतिक आपदाओं की भविष्यवाणी व प्रबंधन में भारत की क्षमता मजबूत होगी तथा जीवन और संपत्ति की रक्षा होगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल की आज हुई बैठक में 4797 करोड़ रुपए की लागत से पृथ्वी विज्ञान योजना लागू करने के फैसले को मंजूरी दी गई। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने परिवर्तनकारी 'पृथ्वी विज्ञान (पृथ्वी)' योजना को मंजूरी दे दी है। यह पहल उन्नत पृथ्वी प्रणाली विज्ञान की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इसमें जलवायु अनुसंधान, महासागर सेवाओं, ध्रुवीय विज्ञान, भूकंप विज्ञान सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, हमारी प्रतिबद्धता केवल पृथ्वी प्रणाली की समझ को बढ़ाने के लिए नहीं है, बल्कि इस ज्ञान को सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभों के लिए व्यावहारिक बनाने में भी है।




# भारतीय नौसेना ने अपहृत मालवाहक जहाज में सवार सभी 21 लोगों को बचाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** भारतीय नौसेना ने अरब सागर में लाइबेरिया के मालवाहक जहाज 'एमवी लीला नोरफोक' के अपहरण की कोशिश को नाकाम करते हुए हमलावरों को खदेड़ कर चालक दल के सभी 21 सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया है जिनमें 15 भारतीय भी शामिल हैं।

नौसेना ने शुक्रवार शाम एक बयान जारी कर बताया कि मालवाहक जहाज से चालक दल के 15 भारतीयों सहित सभी 21 सदस्यों को बचा लिया गया है। नौसेना के मार्कोस कमांडो ने जहाज की तलाशी के बाद पुष्टि की कि सभी हमलावर भाग गये हैं। नौसेना ने कहा है कि उसकी समय पर की गयी त्वरित कार्रवाई और सख्त चेतावनी के कारण हमलावरों को भागना पड़ा। भारतीय नौसेना का युद्धपोत आईएनएस चेन्नई मालवाहक जहाज के पास पहुंच गया है और उसकी प्रणालियों को फिर से चालू करने में सहयोग कर रहा है।

## बीस देश मिलकर करेंगे हाउती हमलों का मुकाबला

**वाशिंगटन/स्पुतनिक।** लाल सागर में हाउती हमलों में तेजी के बीच समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए हैं। अमेरिकी नौसेना बल सेंट्रल कमांड (एनएवीसीईएनटी) के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। कूपर ने कहा, कुल मिलाकर 20 से अधिक देश हैं। परिचालनात्मक रूप से, आप जानते हैं, अभी, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस इन जहाजों की प्रधानता प्रदान कर रहे हैं, और जैसा कि उल्लेख किया गया है, ग्रीस और डेनमार्क कुछ हफ्तों में इसे पूरक करेंगे।

## गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 'घटिया' दवाओं के मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 'घटिया' दवाओं की आपूर्ति के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई यह भी जांच करेगी कि क्या मोहल्ला क्लीनिक के माध्यम से इन दवाओं का वितरण किया गया है नहीं। पिछले वर्ष दिसंबर में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के.सक्सेना ने गृह मंत्रालय से मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी।



सक्सेना ने कहा कि ये दवाएं कथित तौर पर गुणवत्ता मानक परीक्षण में विफल रहीं और दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे अस्पतालों में लोगों की जान के लिए संभावित खतरा बन सकती थीं। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने जांच का अनुरोध करते हुए गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था। पत्र के मुताबिक, इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि क्या जो दवाएं केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) ने खरीदी हैं, वही दवाएं 'मोहल्ला क्लीनिक' के जरिए मरीजों को बांटी भी जा रही हैं या नहीं।

पत्र में कहा गया कि 'घटिया' दवाओं की आपूर्ति के लिए कोई भी कार्रवाई सीपीए तक सीमित नहीं होनी चाहिए और इन दवाओं की आपूर्ति करने वाली सभी कड़ियों की जांच की आवश्यकता है। पत्र में कहा गया है कि साथ ही उन आपूर्तिकर्ताओं की भूमिका की भी जांच की जानी चाहिए, जिन्होंने दवा बनाने वाली कंपनियों से दवाएं खरीदीं और अंतिम उपयोगकर्ता यानी अस्पताल (मरीज) को प्रदान की।

## गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां नीलाम

**मुंबई/भाषा।** भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के परिवार के सदस्यों की दो संपत्तियां शुक्रवार को यहां नीलामी के जरिये बेच दी गईं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नीलामी का आयोजन तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेरकर्ता (संपत्ति की जब्ती) अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया। महाराष्ट्र के तटीय रत्नागिरी जिले की खेड़ तहसील के मुंबके गांव में स्थित कुल चार संपत्तियां नीलामी के लिए उपलब्ध थीं, लेकिन इनमें से दो के लिए कोई बोली नहीं लगाई गई। अन्य दो संपत्तियों के लिए क्रमश: चार लोगों और तीन लोगों ने बोली लगाई और एक ही व्यक्ति ने उन दोनों के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाई। एक संपत्ति (170.98 वर्ग मीटर की कृषि भूमि) के लिए 15,440 रुपए के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 2.01 करोड़ रुपए की उच्चतम बोली लगाई गई। अधिकारी ने बताया कि 1730 वर्ग मीटर की कृषि भूमि के लिए आरक्षित मूल्य 1,56,270 रुपए के मुकाबले 3.28 लाख रुपए की उच्चतम बोली लगाई गई।

# पश्चिम बंगाल में ईडी अफसरों पर हमला

## भाजपा व कांग्रेस की राष्ट्रपति शासन की मांग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर शुक्रवार को हुए हमले को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों पर स्थानीय लोगों को उकसाने का आरोप लगाया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता शेख शाहजहां के समर्थकों ने शुक्रवार को हमला कर दिया और उनके वाहनों में तोड़फोड़ की। अधिकारी राशन वितरण घोटाले की जांच के संबंध में शाहजहां के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर छापा मारने पहुंचे थे।

शाहजहां को राज्य के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक का करीबी माना जाता है, जिसे घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया था।

प्रवर्तन निदेशालय के कम से कम दो अधिकारियों को गंभीर चोटें आईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

इस घटना पर प्रतिक्रिया जताते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक ने कहा, राज्य सरकारों को केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों को उचित सुरक्षा और अन्य संसाधन उपलब्ध कराने चाहिए लेकिन, पश्चिम बंगाल में ऐसा नहीं हुआ है। ईडी अधिकारियों पर हमला राज्य के संघीय ढांचे पर हमला है।

प्रमाणिक ने कहा, केंद्र ने इसे गंभीरता से लिया है और हम यह भी देखेंगे कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाएं बार-बार क्यों हो रही हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर हमले की तत्काल राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से जांच कराने और राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने का आग्रह किया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट किया, चूंकि संदेशखली में ईडी अधिकारियों पर जघन्य हमले के बाद तृणमूल कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से पोस्ट किए जाने के कारण पश्चिम बंगाल में कानून और व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है, इसलिए मैंने माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी को पश्चिम बंगाल के लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मामले की एनआईए जांच शुरू करने के लिए पत्र लिखा है।

मजूमदार के पत्र में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच प्रक्रियाओं की सुचिता सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की भी मांग की गई है।

कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने भी इसी तरह की बात कही और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के शासन में बंगाल में कानून-व्यवस्था खत्म हो गई है।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### धर्मान्तरण

धर्म नहीं पूजा पहनावा,
नियम दिखावा या मंचन।
सत्ता ताकत भय से बदले,
कहलाते वे गठबंधन।
धर्म स्वयं धारित करता नर,
हो जिससे आनंदित मन।
जबरन धर्म बदलने वाले,
निज धर्मों के हैं दुश्मन।।

# नेपाल को भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण के लिए 7.5 करोड़ डॉलर देगा भारत : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**काठमांडू/भाषा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत पिछले साल आए भूकंप से प्रभावित नेपाल के पश्चिमी जिले में बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण के लिए 7.5 करोड़ डॉलर का वित्तीय पैकेज देगा।

जयशंकर ने यह टिप्पणियां काठमांडू में नेपाल के अपने समकक्ष एन पी सौद के साथ त्रिभुवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय और अन्य पुनर्निर्माण परियोजनाओं का संयुक्त रूप से उद्घाटन करने के दौरान कीं। ये परियोजनाएं नेपाल में 2015 में आए भूकंप के बाद शुरू की गई थीं।

जयशंकर 2024 में विदेश की अपनी पहली यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत को पिछले साल नवंबर में नेपाल के पश्चिमी हिस्सों में आए भूकंप से हुई तबाही और लोगों की मौत के बारे में जानकर दुख हुआ। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के लोगों और नेतृत्व के प्रति एकजुटता व्यक्त की और हरसंभव सहायता करने की प्रतिबद्धता जतायी थी। उन्होंने कहा, मैंने कल प्रधानमंत्री (पुष्प कमल दहल) प्रचंड को इन प्रभावित जिलों में बुनियादी ढांचे के पुन: निर्माण के लिए 7.5 करोड़ डॉलर यानी 1,000 करोड़ नेपाली रुपए का वित्तीय पैकेज देने के अपने फैसले के बारे में कल ही बता दिया था।

जयशंकर ने कहा, हम नेपाल के लोगों के साथ खड़े हैं और इस पर नेपाल सरकार के प्रयासों में मदद करते रहेंगे।

# कैलिफोर्निया में एक और हिंदू मंदिर पर हमला, खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)/भाषा।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में एक प्रमुख हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की घटना के दो सप्ताह बाद एक बार फिर राज्य के एक और हिंदू मंदिर को खालिस्तान समर्थक नारे लिखकर विरूपित किया गया है। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन (एचएएफ) ने शुक्रवार को कहा कि अज्ञात व्यक्तियों ने बाऊ क्षेत्र के हेवर्ड में 'विजयाज शेरावाली मंदिर' में तोड़फोड़ की।

यह घटना न्यूयॉर्क में श्री स्वामीनारायण मंदिर में भारत विरोधी नारों के साथ तोड़फोड़ की घटना के कुछ सप्ताह बाद हुई है।

एचएएफ ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, बे एरिया के एक और हिंदू मंदिर पर खालिस्तान समर्थक नारों के साथ हमला किया गया। हेवर्ड, सीए में 'विजयाज शेरावाली मंदिर' में तोड़फोड़ की यह घटना स्वामीनारायण मंदिर पर हमले के ठीक दो सप्ताह बाद और उसी क्षेत्र में शिव दुर्गा मंदिर में चोरी की घटना के एक सप्ताह बाद हुई है।

# आरबीआई ने अल्पकालिक वाणिज्यिक पत्रों, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों के लिए नियम सख्त किए



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक वर्ष तक की अवधि वाले वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) को जारी करने के नियम सख्त कर दिए हैं। एक अप्रैल से लागू होने वाले आरबीआई के नए मानकों में छह प्रमुख बदलावों को जगह दी गई है।

आरबीआई ने कहा कि ऐसे अल्पकालिक वाणिज्यिक पत्र की अवधि सात दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है, जबकि एनसीडी की अवधि 90 दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है। संशोधित मानकों के तहत, एक अप्रैल से जारी किए जाने वाले वाणिज्यिक पत्रों और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों का न्यूनतम मूल्य पांच लाख रुपए और उसके बाद पांच लाख रुपए के गुणक में होगा।

आरबीआई की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी नए नियमों के मुताबिक, इन दोनों ऋण के साधनों को विकल्पों के साथ जारी नहीं किया जा सकता है जबकि इनका निपटान 'टी प्लस चार' कार्य दिवसों यानी लेन-देन वाले दिन को छोड़कर चौथे दिन करना होगा। वाणिज्यक पत्र और एनसीडी केवल डिमैट स्वरूप में ही जारी किए जाएंगे और बाजार नियामक सेबी के पास पंजीकृत डिपॉजिटरी के पास रखे जाएंगे। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने जारीकर्ता के लिए इन ऋण साधनों के जरिये जुटाए गए धन के अंतिम उपयोग की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया है। वाणिज्यिक पत्र अंकित मूल्य पर छूट के साथ जारी किए जाएंगे जबकि एनसीडी अंकित मूल्य पर छूट पर या निश्चित या फ्लोटिंग रेट कूपन के साथ जारी किए जाएंगे।

आरबीआई के नए मानदंड मुद्रा बाजार से संबंधित विभिन्न निर्देशों की समीक्षा के बाद जारी किए गए हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने किशिदा को पत्र लिख जापान में भूकंप में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना जताई



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा को पत्र लिखकर एक जनवरी को आए विनाशकारी भूकंप से प्रभावित जापान और उसके लोगों के साथ भारत की एकजुटता व्यक्त की।

सूत्रों ने बताया कि मोदी ने बृहस्पतिवार को किशिदा को पत्र लिखकर कहा कि भारत एक विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदार के रूप में जापान के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और इस घड़ी में हरसंभव सहायता देने के लिए तैयार है। जापान के सबसे उत्तरी प्रायद्वीप नोटो में सोमवार को आए 7.6 तीव्रता के भूकंप में करीब 90 लोगों की मौत हो गई।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने जापानी समकक्ष से कहा कि वह भूकंप को लेकर 'बेहद दुखी और चिंतित' हैं और उन्होंने भूकंप में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति 'गहरी संवेदना' व्यक्त की। मोदी ने कहा, मैं जापान में एक जनवरी को आए भीषण भूकंप के बारे में जानकर बहुत दुखी और चिंतित हूं। एक सूत्र ने बताया कि जापानी प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में मोदी ने कहा, मैं जान गंवाने वालों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। हम आपदा से प्रभावित जापान और उसके लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। जापान की क्योदो समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 92 हो गई है और 240 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। इसमें कहा गया है कि अधिकारियों ने भूकंप बचाव अभियान में भाग लेने वाले आत्मरक्षा बलों के कर्मियों की संख्या दोगुनी करके 4,600 कर दी है।

## आरबीआई ने केवाईसी के लिए राजनीतिक व्यक्तियों की परिभाषा को संशोधित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपने मानदंडों के तहत राजनीतिक रूप से संबद्ध व्यक्तियों (पीईपी) की परिभाषा को बदल दिया है। इससे उन्हें कर्ज लेने समेत बैंक से जुड़े विभिन्न लेनदेन करने में सहूलियत होगी। इसके लिए आरबीआई के 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) नियमों में कुछ बदलाव किए गए हैं। पीईपी से संबंधित पुराने मानदंड में स्पष्टता की कमी होने से बैंक अधिकारियों, सांसदों और अन्य लोगों को कई बार मुश्किलों का सामना करना पड़ा। कई बार पीईपी के लिए कर्ज जुटाना या बैंक खाते खोलना मुश्किल हो रहा था।

इस समस्या को देखते हुए आरबीआई ने राजनीतिक रूप से संबद्ध लोगों के लिए केवाईसी मानक संशोधित किए हैं। संशोधित केवाईसी निर्देशों के तहत पीईपी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें किसी दूसरे देश ने प्रमुख सार्वजनिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी है। इनमें राज्यों/ सरकारों के प्रमुख, वरिष्ठ राजनेता, वरिष्ठ सरकारी या न्यायिक या सैन्य अधिकारी, सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी और महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों के अधिकारी भी शामिल हैं। नए नियमों में उस व्यक्ति को भी शामिल किया गया है जिसे किसी विदेशी देश ने सार्वजनिक समारोह की जिम्मेदारी सौंपी है। पीईपी के बैंक खातों में मौजूदा प्रावधानों के तहत अतिरिक्त केवाईसी मानदंड हैं और एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी को इस बारे में विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है।

## हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकवादी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली/भाषा।** एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के 11 मामलों में आरोपी हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक संदिग्ध आतंकवादी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बृहस्पतिवार को जावेद अहमद मट्टू (32) को राष्ट्रीय राजधानी से गिरफ्तार किया। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट नबीला वली ने मट्टू को अदालत में पेश करने के बाद दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल एक आवेदन पर उसे एक सप्ताह के लिए हिरासत में भेज दिया। अत्यधिक प्रशिक्षित 10 लाख रुपए के इनामी आतंकवादी आरोपी को दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि जब उसे पकड़ा गया तो वह चोरी की कार चला रहा था। पुलिस ने कहा कि मट्टू का नाम 11 ज्ञात आतंकी हमलों के मामलों में है, जिसमें जम्मू-कश्मीर में पांच ग्रेनेड हमले और अलग-अलग घटनाओं में कम से कम पांच पुलिस कर्मियों की हत्या शामिल है। उन्होंने कहा, वह हिज्बुल मुजाहिदीन और अल बद्र आतंकी संगठनों का सदस्य है।

## भारत और यूएसएआईडी/भारत के बीच एमओयू को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में भारत और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी/भारत) के बीच हुए उस समझौता ज्ञापन को मंजूरी दे दी गई जिसमें 2030 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारतीय रेलवे की सहायता करने की बात कही गई है। भारतीय रेलवे द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया कि मंत्रिमंडल को 14 जून, 2023 को भारत और यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी)/भारत के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने के बारे में अवगत कराया गया। इसमें कहा गया, समझौता ज्ञापन भारतीय रेलवे को एक मंच प्रदान करता है जहां वह रेलवे क्षेत्र में नवीनतम विकास और ज्ञान को साझा कर सके। एमओयू जनोपयोगी सेवा के आधुनिकीकरण, उन्नत ऊर्जा समाधान और प्रणालियों, क्षेत्रीय ऊर्जा और बाजार एकीकरण और निजी क्षेत्र की भागीदारी और जुड़ाव, प्रशिक्षण और सेमिनार/ कार्यशालाओं जैसे नवीकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता और ज्ञान साझा करने के लिए परस्पर प्रभाव डालने वाले अन्य कार्यों जैसे विशिष्ट प्रौद्योगिकी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की सुविधा प्रदान करता है।

## भारत कच्चा तेल खरीदने के लिए गुयाना के साथ करेगा समझौता

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कच्चे तेल की आपूर्ति सहित हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में सहयोग के लिए गुयाना के साथ पांच साल के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की शुक्रवार को मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, प्रस्तावित एमओयू में हाइड्रोकार्बन क्षेत्र की समूची मूल्य श्रृंखला शामिल है। इसमें गुयाना से कच्चे तेल की आपूर्ति, गुयाना के खोज और उत्पादन क्षेत्र में भारतीय कंपनियों की भागीदारी और कच्चे तेल शोधन के क्षेत्रों में सहयोग शामिल है। इस समझौते में क्षमता निर्माण, द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करना, प्राकृतिक गैस क्षेत्र में सहयोग, गुयाना में तेल एवं गैस क्षेत्र में नियामकीय नीतिगत ढांचे के विकास में सहयोग और जैव ईंधन सहित स्वच्छ ऊर्जा के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग शामिल है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता और आयातक देश है। वह तेल आयात के अपने स्रोतों में विविधता लाना चाहता है और इसके लिए दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना में संभावनाएं तलाश रहा है।

## कल्याण ज्वैलर्स अपनी 250वीं दुकान अयोध्या में खोलेगी

KALYAN JEWELLERS

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आभूषण विक्रेता कल्याण ज्वैलर्स चालू वित्त वर्ष की अंतिम (जनवरी-मार्च) तिमाही में अपनी 250वीं दुकान उत्तर प्रदेश के अयोध्या में खोलेगी। केरल की कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसकी योजना चालू वित्त वर्ष में भारत और पश्चिम एशिया में 30 नई दुकानें खुलने की है। कंपनी ने कहा कि इनमें से भारत में 15 'कल्याण' दुकानें, पश्चिम एशिया में दो 'कल्याण' दुकानें और 13 'कैंडेयर' दुकानें खोलने की योजना है। कल्याण ज्वैलर्स ने बयान में कहा, चालू तिमाही में अयोध्या में कंपनी की 250वीं दुकान खुलने की उम्मीद है। यह हमारे लिए एक मील का पत्थर है। दिसंबर, 2023 के अंत तक भारत और पश्चिम एशिया में कंपनी की कुल 235 दुकानें थीं। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन होना है। शहर का पहले से ही कायाकल्प हो चुका है। अयोध्या विकास प्राधिकरण को उम्मीद है कि आगामी कुछ महीनों तक शहर में प्रतिदिन लगभग तीन लाख पर्यटक आएंगे।



## मालीवाल ने राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाए जाने के बाद डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा शुक्रवार को राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाए जाने के बाद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मालीवाल त्यागपत्र पर हस्ताक्षर करते वक्त भावुक दिखीं। वह आईटीओ पर विकास भवन स्थित कार्यालय से जाने से पहले अपने सहकर्मियों से गले मिलीं। 'आप' ने 19 जनवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए मालीवाल को शुक्रवार को अपना उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। पार्टी ने इसी के साथ संजय सिंह और एन.डी.गुप्ता को दोबारा संसद के उच्च सदन में भेजने का फैसला किया है।

## महाराष्ट्र सरकार कोविड-19 की स्थिति पर नजर रख रही है : अजित पवार



**पुणे/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार कोविड-19 की स्थिति पर नजर रखे हुए है तथा स्वास्थ्य विभाग को इस वायरस के प्रसार की रोकथाम के लिए जरूरी एहतियात बरतने को कहा गया है। यहां ससून जनरल अस्पताल के दौरे के दौरान संवाददाताओं से बाचतीत करते हुए पवार ने कहा कि वैसे तो कोरोना वायरस का जेएन.1 स्वरूप अधिक घातक नहीं है लेकिन लोगों को मास्क लगाने की सलाह दी गई है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, स्वास्थ्य विभाग ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को (कोविड-19 की) स्थिति के बारे में बताया। हम रोजाना मामलों को लेकर रिपोर्ट हासिल कर रहे हैं। राज्य में सिविल सर्जन और स्वास्थ्य विभाग को एहतियाती उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पॉजिटिव मामले न बढ़ें। उन्होंने लोगों से भी कोविड उपयुक्त आचरण का पालन कर सहयोग करने की अपील की। पवार ने कहा, वैसे तो कोविड-19 का वर्तमान स्वरूप अधिक घातक नहीं है तथा व्यक्ति पृथकवास में रहकर स्वस्थ हो सकता है, लेकिन फिर भी लोगों से मास्क लगाने का अनुरोध है। महाराष्ट्र में बृहस्पतिवार को कोरोना वायरस के 171 पॉजिटिव मामले सामने आए तथा सोलापुर और कोल्हापुर में एक एक मरीज की जान चली गई।



## देश में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 10 साल में 60 प्रतिशत बढ़ी: सड़क परिवहन सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई दिसंबर, 2023 तक 60 प्रतिशत बढ़कर 1,46,145 किलोमीटर हो गई है। वर्ष 2014 में इसकी लंबाई 91,287 किलोमीटर थी।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने शुक्रवार को कहा कि चार और उससे अधिक लेन के राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) की लंबाई 2.5 गुना होकर दिसंबर, 2023 में 46,179 किलोमीटर हो गई, जो 2014 में 18,387 किलोमीटर थी। उन्होंने कहा कि उच्च गति के गलियारों की कुल लंबाई 2014 में 353 किलोमीटर थी, जो 2023 में बढ़कर 3,913 किलोमीटर हो गई। दो-लेन से कम वाले राष्ट्रीय राजमार्गों की कुल लंबाई राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के अनुपात में 2014 के 30 प्रतिशत से घटकर 2023 में 10 प्रतिशत रह गई।

जैन ने कहा कि सड़क मंत्रालय ने 2023-24 में दिसंबर तक 6,217 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय का राजमार्ग निर्माण पर खर्च 2014 से 2023 में 9.4 गुना बढ़कर 3.17 लाख करोड़ रुपए होने की संभावना है। जैन ने कहा कि वाहन कबाड़ नीति के तहत, भारत में 44 पंजीकृत वाहन कबाड़ इकाइयां (आरवीएसएफ) चालू हैं, जबकि 19 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने रियायत और मोटर वाहन कर की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि वाहन कबाड़ नीति के अंतर्गत अभी तक 49,770 वाहनों को कबाड़ में बदला जा चुका है।

जैन ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल कर के रूप में चालू वित्त वर्ष में अभी तक 18,450 करोड़ रुपए जुटाए हैं।

## देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 7.3% रहेगी: सरकारी अनुमान

**नई दिल्ली/भाषा।** देश की अर्थव्यवस्था के वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 7.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी एक सरकारी अनुमान में यह संभावना जताई गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ( एनएसओ) ने राष्ट्रीय आय के बारे में अपने पहले अग्रिम अनुमान में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) यानी 2011-12 की स्थिर कीमतों पर जीडीपी के 171.79 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी के 160.06 लाख करोड़ रुपए रहने का अस्थायी अनुमान 31 मई 2023 को जारी किया गया था।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में देश की वास्तविक जीडीपी में वृद्धि 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 7.2 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 296.58 लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान है जबकि 31 मई, 2023 को जारी वर्ष 2022-23 के अस्थायी अनुमानों के मुताबिक जीडीपी 272.41 लाख करोड़ रुपए थी। एनएसओ के मुताबिक, वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह 16.1 प्रतिशत थी। रिजर्व बैंक ने पिछले महीने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में 2023-24 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया।



## बीएसएफ जवानों को लेकर जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त, 17 जवान घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कांकेर/भाषा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल के जवानों को लेकर लेकर जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में 17 जवान घायल हुए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कांकेर जिले के रावघाट और नारायणपुर जिले के ताड़ोकी थाना क्षेत्र के मध्य सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को लेकर जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में वाहन सवार 17 जवानों को चोट पहुंची है और घायलों में से चार जवानों को बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है।

अधिकारियों ने बताया कि जिले के फुलपाड़ गांव में स्थित बीएसएफ के शिविर से 162 वीं बटालियन के जवान एक वाहन में सवार होकर अंतागढ़ रेलवे स्टेशन के लिए निकले थे। जवान छुट्टी में जाने वाले थे।

उन्होंने बताया कि वाहन जब रावघाट और ताड़ोकी थाना क्षेत्र के बीच कुम्हारी गांव के करीब पहुंचा तब वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इस घटना में 17 जवान घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया तथा घायल जवानों को नारायणपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से चार जवानों को बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया है। अन्य जवानों को प्राथमिक उपचार दिया गया है तथा उनकी हालात खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के कांकेर जिले में नक्सल विरोधी अभियानों में बड़ी संख्या में बीएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है।

## भाजपा में शामिल हुए केरल के पादरी को चर्च के सभी पदों से हटाया गया

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** केरल के ऑर्थोडॉक्स चर्च के सचिव शैजू कुरियन को चर्च में सभी पदों से अस्थायी रूप से हटा दिया गया है। केरल में कुछ समय से ईसाई समुदाय को लुभाने में लगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 31 दिसंबर को घोषणा की थी कि राज्य में फादर कुरियन और अल्पसंख्यक समुदाय के लगभग 50 परिवार पार्टी में शामिल हो गए हैं। निलाक्कल भद्रसानम द्वारा शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार जांच लंबित रहने तक पादरी को चर्च के सभी मौजूदा पदों से अस्थायी रूप से हटाने का निर्णय चार जनवरी को हुई एक बैठक में लिया गया था। जनसंपर्क अधिकारी के बयान में हालांकि उनके खिलाफ कार्रवाई का कारण नहीं बताया गया है।

## 'वोट के बदले नकदी' मामला
## तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेड्डी की याचिका पर अगले महीने होगी सुनवाई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय 'वोट के बदले नकदी' मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की याचिका पर फरवरी में सुनवाई करेगा।

न्यायालय ने शुक्रवार को रेड्डी की उस याचिका पर सुनवाई फरवरी तक के लिए टाल दी जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है।

उच्च न्यायालय ने 2015 के 'वोट के बदले नकदी' घोटाला मामले में मुकदमा चलाने में एसीबी अदालत के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाने संबंधी उनकी याचिका को खारिज कर दिया था। इस मामले में रेड्डी एक आरोपी हैं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले से जुड़े वकीलों में से एक के परिवार में किसी के निधन की सूचना मिलने के बाद रेड्डी द्वारा दायर याचिका सहित कई याचिकाओं पर सुनवाई स्थगित कर दी।

रेड्डी ने उच्च न्यायालय के एक जून, 2021 के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें मामले में मुकदमा चलाने के लिए विशेष भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) अदालत के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाने संबंधी उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी।

वर्ष 2015 में रेवंत रेड्डी तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) में थे। रेड्डी को 31 मई, 2015 को विधान परिषद चुनावों में तेदेपा उम्मीदवार वेम नरेंद्र रेड्डी का समर्थन करने के लिए नामांकित विधायक एल्विस स्टीफेंसन को 50 लाख रुपए की रिश्वत कथित तौर पर देते समय एसीबी ने पकड़ा था।

रेड्डी के अलावा एसीबी ने कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया था। बाद में सभी को जमानत दे दी गई थी।

जुलाई 2015 में, एसीबी ने रेड्डी और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत आरोप पत्र दायर किया था।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.76 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.76 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर हो गया था।

उल्लेखनीय है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने पूंजी भंडार का उपयोग बाजार में जरूरी हस्तक्षेप के लिए किया। इससे मुद्राभंडार प्रभावित हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.87 अरब डॉलर बढ़कर 551.61 अरब डॉलर हो गया।

डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक के अनुसार स्वर्ण भंडार का मूल्य 85.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.33 अरब डॉलर हो गया।

विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.36 अरब डॉलर हो गया।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 20 लाख डॉलर घटकर 4.89 अरब डॉलर रहा।



# इंदिरा कैंटीन और मध्याह्न भोजन में शामिल किया जाएगा बाजरा : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम 'इंदिरा कैंटीन' और स्कूली बच्चों के मध्याह्न भोजन में बाजरे का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बाजरे की फसल को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्र स्थापित करने की भी घोषणा की। सिद्दरामैया यहां कृषि विभाग द्वारा आयोजित बाजरा एवं जैविक अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 2024 में प्रदर्शनी और बिक्री के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा कैंटीन और स्कूली भोजन में बाजरे के उपयोग पर चर्चा और निर्णय लेने के लिए जल्द ही संबंधित विभागों की एक बैठक बुलाई जाएगी ताकि राज्य के लोग और स्कूली बच्चे अधिक स्वस्थ और ताकतवर बन सकें। सिद्दरामैया ने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार बाजरे की फसल को बढ़ावा देने के लिए एक केंद्र स्थापित करेगी। साथ ही उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उत्पादन, बाजरे की नयी किस्मों के विकास और बाजरे के निर्यात की सुविधा भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, ''बाजरा उन जगहों पर भी उगाया जा सकता है जहां बारिश कम हो और मिट्टी की उर्वरता भी कम हो। बाजरा अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए, राज्य सरकार लगातार बाजरा मेलों का आयोजन कर रही है।''

# कांग्रेस पार्टी कुशासन की ओर बढ़ रही है : विजयेन्द्र येडीयुरप्पा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। हमारे देश पर सैंकड़ों वर्ष तक राज्य करने वाले अंग्रेजों ने कांग्रेस पार्टी को 'फूट डालो राज करो' करने की नीति दी। कांग्रेस पार्टी उस नीति को लेकर आज शासन में दुरुपयोग कर रही है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए मल्लेश्वरम् स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय 'जगन्नाथ भवन' में 'मजबूती के लिए भीम समावेश' में यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि नेहरु के शासन के 17 साल सहित इंदिरा गांधी, राजीव गांधी के साथ कांग्रेस पार्टी ने देश में लगभग 60 साल तक राज्य किया। जिसमें दस वर्ष तक विख्यात अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को रबर स्टांप बनाकर रखा।

कांग्रेस पार्टी का मुख्य नारा 'गरीबी हटाओ' में कभी कांग्रेस सफल नहीं हो पाई। बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम लेकर सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी ने स्वयं अम्बेडकर को चुनाव में हरवाया था। यह सभी को मालुम है। यहां तक कि उनके दाहसंस्कार के लिए दिल्ली में कोई जगह नहीं दी। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा दलितों को वोट बैंक बनाकर उपयोग किया है।

विजयेन्द्र येडीयुरप्पा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहेब अम्बेडर को सम्मान देते हुए पंचक्षेत्र का विकास किया। उन्होंने हमेशा दलितों को सशक्त किया। कर्नाटक में येडीयुरप्पा, बोम्मई, सदानंद गौड़ा के मुख्यमंत्री रहते हुए हमेशा दलित समुदाय को सशक्त बनाने के लिए काम किया है। उन्होंने दलितों के साथ हमेशा न्याय किया। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीति को केवल चुनाव तक ही सीमित नहीं रखी है।



दलितों को न्याय दिलाने और समाज के सबसे वंचित लोगों को सुविधाएं देने का नरेंद्र मोदी जी का सपना पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मोदी जी विकसित भारत के लिए तपस्या के मॉडल पर काम कर रहे हैं।

कांग्रेस ने गरीबी हटाओं को लेकर लगभग 50-60 साल तक देश पर शासन किया। कांग्रेस पार्टी तभी जीत सकती थी जब लोग मूर्ख थे। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि जनता को मूर्ख बनाने के लिए कांग्रेस ने गरीबी हटाओ को झूठा वायदा किया है। कांग्रेस के कुशासन के प्रति हमें लोगों को जागृत करना जरूरी है। तभी देश का विकास संभव हो पाएगा।

एससी मोर्चा के नए अध्यक्ष और विधायक सी. मंजू ने कहा कि विजयेन्द्र के नेतृत्व में कर्नाटक में आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 28 सीटें जीतने के लिए कड़ी मेहनत की जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कड़ी मेहनत करने की अपील की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मोबाइल डीपी पर स्वाभिमानी समावेश के लोगो का उपयोग करने की बात कही।

इस मौके पर सांसद मुनिस्वामी, प्रदेश भाजपा पूर्व सचिव जगदीश हिरेमानी, प्रदेश पूर्व उपाध्यक्ष ई. अश्वत्थनारायण, एससी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष मुनिकृष्णा, चलुवादी नारायण स्वामी, प्रदेश उपाध्यक्ष महेश, पूर्व मंत्री कोटा श्रीनिवास पुजारी, प्रदेश अध्यक्ष सचिव कुडची राजीव आदि उपस्थित थे।

### भाजपा ने कर्नाटक सरकार से कहा

# सूखा राहत के लिए किसानों के खाते में 2,000 रुपये जमा करें या विद्रोह का सामना करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने गुरुवार को सूखा राहत वितरण में देरी को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला। बोम्मई ने कहा कि राज्य सरकार सूखा राहत वितरण में देरी के लिए आधार लिंकेज का बहाना बना रही है। बोम्मई ने कहा, पहले ही किसानों के 69 लाख बैंक खातों को फ्रूट्स सॉफ्टवेयर से आधार से जोड़ा जा चुका है, लेकिन मुख्यमंत्री सिद्दारमैया राज्य की खराब आर्थिक स्थिति को छिपाने के लिए तकनीकी कारण बता रहे हैं।

उन्होंने यहां गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि अगर किसान विद्रोह करेंगे तो किसी भी सरकार के लिए काम करना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार को तुरंत प्रत्येक किसान के बैंक खाते में 2,000 रुपये डालने चाहिए और खरीद का समय बंद करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अधिकांश तालुकों को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया गया है और खरीफ और रबी, दोनों मौसमों में फसलें खराब हो गई हैं। बोम्मई ने कहा, सरकार ने अब तक कोई पैसा जारी नहीं किया है और काम भी शुरू नहीं हुआ है। पिछले छह महीने में कुछ नहीं करके सिद्दारमैया सरकार आधार-लिंकेज के मुद्दे के पीछे छिपकर किसानों को धोखा दे रही है। उन्होंने कहा, कृषि विभाग ने खाद्य उत्पादन में गिरावट की भविष्यवाणी की है, लेकिन कोई सावधानी नहीं बरती गई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर बात के लिए केंद्र की ओर इशारा कर रही है।बोम्मई ने कहा, पिछली सरकारों ने केंद्र से धन की प्रतीक्षा किए बिना किसानों को मुआवजा वितरित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रत्येक किसान के बैंक खाते में प्रत्येक हेक्टेयर के लिए राहत के रूप में 2,000 रुपये डालने की प्रतिबद्धता जताई थी, लेकिन अब सरकार आधार-लिंकेज पर जोर दे रही है।

# मैं अपने बयान पर कायम हूं : यतींद्र सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



मैसूरु। डॉ. यतींद्र सिद्दरामैया भारत के 'हिंदू राष्ट्र' बनने के खतरों को लेकर अपने पहले के बयान पर कायम हैं उन्होंने कहा कि अंबेडकर के सिद्धांतों से सहमत कोई भी व्यक्ति यह नहीं कहेगा कि मेरा बयान ग़लत है। मैंने केवल वही दोहराया है जो अंबेडकर ने कहा था। संभावित खतरों को स्पष्ट करने के लिए पाकिस्तान जैसे देशों का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा धर्मनिरपेक्षता महत्वपूर्ण है। उन्होंने दोहराया कि उनकी राय अपरिवर्तित रहेगी।

आगे उन्होंने कहा कि हमारा देश किसी धर्म पर आधारित नहीं होना चाहिए। यह हमेशा खतरनाक होता है. सभी जानते हैं कि पाकिस्तान और कुछ धर्म आधारित राष्ट्रों की हालत क्या है. इसीलिए मैंने कहा कि हिंदू राष्ट्र बनना खतरनाक है।' मैं अब भी अपनी बात पर कायम हूं. यतींद्र ने कहा कि मैंने जो कहा उसमें कोई गलती नहीं है।

धर्म की भूमिका के संबंध में डॉ. यतींद्र ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार को धर्म के मामलों में खुद को शामिल नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, धर्म के मुद्दे पर काम करने के लिए अन्य प्रणालियां भी हैं और इसलिए यह काम सरकार का नहीं होना चाहिए। उन्होंने भाजपा की आलोचना करते हुए उन पर विकास संबंधी चिंताओं पर धार्मिक मुद्दों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया और उन पर धर्म के नाम पर राजनीतिक चालबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा धार्मिक मुद्दों को प्राथमिकता देकर वास्तविक समस्याओं से ध्यान भटका रही है।



# कांग्रेस ने कर्नाटक की जनता का पैसा हालिया पांच राज्यों के चुनाव में खर्च किया : देवेगौड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल-एस प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने पांच राज्यों में हाल में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी की मदद करने के लिए 'जनता के पैसे' का इस्तेमाल किया। उन्होंने इसको लेकर मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार पर निशाना साधा। देवेगौड़ा ने सिद्दरामैया पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह कर्नाटक से खासतौर पर बेंगलूरु से पैसे क प्रवाह पांच चुनावी राज्यों में कांग्रेस तक होने को रोक नहीं सके।

जद(एस)पिछले साल सितंबर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गई थी। यह घटनाक्रम देवेगौड़ा और उनके बेटे एच.डी.कुमारस्वामी की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा से नयी दिल्ली में हुई मुलाकात के बाद सामने आया। दोनों पार्टियों ने कहा कि वे कर्नाटक में आगामी लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे। पिछले साल मई में हुए 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जद(एस) का प्रदर्शन खराब रहा था और पार्टी केवल 19 सीट ही जीत सकी थी। कांग्रेस ने 135 सीट पर जबकि भाजपा 66 सीट पर विजयी रही थी।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार का संदर्भ देते हुए देवेगौड़ा ने कहा, ''अब सामने आ रहा है कि वह कहां-कहां गए थे और कितना पैसा पहुंचाया था।'' राज्य में साफ-सुधरी सरकार देने के सिद्दरामैया के दावे को लेकर उन्हें आड़े हाथ लेते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि वह जनना चाहते हैं कि क्यों बेंगलूरु में हो रहे अवैध कार्यों' को वह रोक नहीं पा रहे हैं।

यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जद(एस) प्रमुख ने कहा, कृपया इसे अन्यथा न लें तो पांच राज्यों के चुनाव के दौरान यहां से कितना पैसा ले जाया गया? यह किसकी संपत्ति है? यह कर्नाटक की जनता का पैसा है।''

उन्होंने कहा, ''हमारे उपमुख्यमंत्री (शिवकुमार) और उनकी बदतमीजी... वह कहां गए, उन्होंने कितना पैसा पहुंचाया, ईसीआई (भारत निर्वाचन आयोग) ने कितना पैसा जब्त किया, यह अब सबके सामने है। ये पैसा कहां से पहुंचाया गया? यहां बेंगलूरु से।''

गौड़ा ने कहा, बेंगलूरु की सभी एजेंसियां (जैसे बृहद बेंगलूरु महानगर पालिका और बेंगलूरु विकास प्राधिकरण) और सिंचाई विभाग उनके (उपमुख्यमंत्री के) पास हैं। यहां क्या हो रहा है यह देखकर मैं शर्मिंदा हो जाता हूं।'' उन्होंने जानना चाहा कि सिद्दरामैया इसे (भ्रष्टाचार) क्यों नहीं रोक पा रहे हैं।

# मोदी के नेतृत्व में हम कर्नाटक में कांग्रेस युग का अंत देखने के लिए प्रतिबद्ध : देवेगौड़ा

बेंगलूरु। पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.डी. देवेगौड़ा ने शुक्रवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी पार्टी कर्नाटक में कांग्रेस युग का अंत देखने के लिए प्रतिबद्ध है। देवेगौड़ा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कर्नाटक सरकार द्वारा हिंदू कार्यकर्ताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे एनडीए को हराने और राज्य में संसदीय चुनाव में 20 सीटें जीतने के सपने के साथ यह सब कर रहे हैं।

देवेगौड़ा ने कहा, ''एक तरफ, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी श्री राम का नाम जप रहे हैं। वह व्रत रख रहे हैं और सरयू नदी में स्नान कर रहे हैं, यहां मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, जिन्हें कांग्रेस अपना राम मानती है, के नाम पर लोकसभा की 20 सीटें जीतना चाहती है. यह एक सपना ही रहेगा।'' उन्होंने कहा, ''यह राज्य में संभव नहीं है। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम उम्मीद से ज्यादा सीटें जीतेंगे, लोग जनादेश देने जा रहे हैं। सीट बंटवारे का कोई सवाल ही नहीं है।

हम कांग्रेस को हराना चाहते हैं।उन्होंने कहा, मैंने धर्मनिरपेक्ष आदर्शों से कोई समझौता किए बिना देश पर शासन किया है। आपने (कांग्रेस) और इंडिया ब्लॉक ने देवेगौड़ा को अपमानित किया है। मैं आज आपको बता रहा हूं, हम यह देखने के लिए दृढ़ हैं कि कर्नाटक में कांग्रेस को हराना होगा और मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के नेतृत्व में कांग्रेस का युग देखना होगा।''

# इसरो ने ईंधन सेल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष में अपने अभियान का आकलन करने और भविष्य के अभियानों के लिए प्रणालियों के डिजाइन के लिए आंकड़ें एकत्रित करने के वास्ते एक ईंधन सेल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

यहां स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि अभियानों को दक्षता प्रदान करने और केवल पानी का उत्सर्जन करने वाली ये ईंधन सेल अंतरिक्ष में बिजली उत्पादन का भविष्य हैं।

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र/इसरो ने अपने कक्षीय प्लेटफॉर्म पोअम 3 में 100 वॉट वर्ग की पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेमब्रेन फ्यूल सेल आधारित ऊर्जा प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। पोअम 3 का पीएसएलवी-सी58 से एक जनवरी को प्रक्षेपण किया गया था।

इसरो ने एक बयान में कहा, ''इस प्रयोग का उद्देश्य अंतरिक्ष में पॉलीमर इलेक्ट्रोलाइट मेमब्रेन फ्यूल सेल के संचालन का आकलन करना और भविष्य के अभियानों के लिए प्रणालियों के डिजाइन की सुविधा के लिए आंकड़ें एकत्रित करना है।'' पोअम (पीएसएलवी कक्षीय प्रायोगिक मॉड्यूल) में छोटी अवधि के परीक्षण के दौरान उच्च दाब वाले कंटेनर में रखी हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से 180 वॉट ऊर्जा उत्पन्न की गयी।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, इसने विभिन्न स्थैतिक और गतिशील प्रणालियों के प्रदर्शन पर प्रचुर मात्रा में डेटा प्रदान किया जो बिजली प्रणाली और भौतिकी का हिस्सा थे।''

हाइड्रोजन ईंधन सेल शुद्ध जल और ऊष्मा के साथ ही सीधे हाइड्रोजन और ऑक्सीजन गैस से बिजली उत्पन्न करते हैं। ईंधन सेल को आज इस्तेमाल होने वाले विभिन्न प्रकार के वाहनों में इंजन के स्थान पर सबसे उचित विकल्प माना जाता है। इसरो ने कहा कि ईंधन सेल अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक आदर्श ऊर्जा स्रोत है क्योंकि यह बिजली और शुद्ध जल दोनों उपलब्ध कराता है।

# उच्च न्यायालय ने विशेष अदालत में न्यायाधीश की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा किया

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कर्नाटक भूमि कब्जा निषेध विशेष अदालत में न्यायाधीश सी जी हुंगुंड की न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्त को चुनौती देने वाली याचिका का शुक्रवार को निपटारा कर दिया।

याचिकाकर्ता द्वारा नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका वापस ले ली गई जिसके बाद मामले का निपटारा कर दिया गया। याचिकाकर्ता ने अदालत के समक्ष दायर एक ज्ञापन में कहा कि राज्य सरकार ने हुंगुंड को पद से हटा दिया है इसलिए, याचिका पर आगे बढ़ना जरूरी नहीं है।

# विक्षिप्त बेटी के साथ पिता ने किया बलात्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। कर्नाटक के बेलगावी जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी मानसिक रूप से विकलांग बेटी के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना तब सामने आई जब पीड़िता ने एक बच्चे को जन्म दिया। पीड़िता बिन मां की बच्ची थी और स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी ने उसके साथ बार-बार बलात्कार किया। पीड़िता के गर्भवती होने की आशंका पर स्थानीय लोगों ने आशा कार्यकर्ताओं को सूचना दी। जब आशा कार्यकर्ताओं ने पीड़िता के गर्भवती होने की पुष्टि की तो पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। संदेह के बाद डीएनए टेस्ट कराया गया, जिसमें पुष्टि हुई कि पिता ही आरोपी है।

बेलगावी के पुलिस आयुक्त सिद्धारामाप्पा ने कहा कि एनजीओ की शिकायत के बाद जांच की गई। जांच से पता चला कि उसके पिता ही दोषी हैं। मामले को लेकर पुलिस पहले ही कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है।

# 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तार हिंदू कार्यकर्ता को जमानत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। हिंदू कार्यकर्ता श्रीकांत पुजारी को यहां स्थित एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को जमानत दे दी। पुजारी को पुलिस ने दिसंबर 1992 में दर्ज दंगे के एक मामले में पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया था। राज्य में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े 31 साल पुराने मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। वह पुजारी को रिहा करने की मांग की थी। भाजपा ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर हिंदुओं के प्रति सख्त रवैया अपनाने और अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण करने का आरोप लगाया था। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया था। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने पुजारी को 'असामाजिक तत्व' और संदिग्ध अपराधी' करार दिया था। उन्होंने कहा कि पुजारी गैर कानूनी तरीके से शराब बेचने, जुआ और 'मटका' सहित 16 असमाजिक गतिविधियों में संलिप्त होने के आरोप का सामना कर रहा है। अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश परमेश्वर प्रसन्ना बी ने आदेश सुनाते हुए पुजारी की जमानत मंजूर की।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की सभी रिक्तियां भरें : पीएमके

चेन्नई। सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में 1,500 शिक्षकों के पदों पर नियुक्ति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेशों की ओर इशारा करते हुए, पीएमके के संस्थापक एस रामदास ने कहा कि 1,500 शिक्षकों की नियुक्ति अपर्याप्त है क्योंकि स्कूलों को 1 लाख से अधिक शिक्षकों की आवश्यकता है। वरिष्ठ नेता ने कहा कि सरकारी स्कूलों में इंटरमीडिएट शिक्षकों के 8,643 पद खाली हैं, लेकिन विभाग ने सिर्फ 1500 शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश जारी किया है।


सं. जेड-28016/117/2023-पीएमएसएसवाई-IV-भाग (1)

**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय**
(पीएमएसएसवाई प्रभाग)
कमरा नं. 201-डी, निर्माण भवन,
नई दिल्ली-110001

(i) **बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)**, (ii) **विजयपुर (जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश)**, (iii) **राजकोट (गुजरात)**, **और** (iv) **मदुरै (तमिलनाडु) में प्रत्येक एम्स में कार्यकारी निदेशक के पद के लिए विज्ञापन।**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (पीएमएसएसवाई प्रभाग) स्तर 15; वेतन मैट्रिक्स 182200-224100/- रुपए (7वें सीपीसी के अनुसार) पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) (i) बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश), (ii) विजयपुर (जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश), (iii) राजकोट (गुजरात), और (iv) मदुरै (तमिलनाडु) में से प्रत्येक में प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध/अनुबंध के आधार पर कार्यकारी निदेशक के पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया मंत्रालय की वेबसाइट और प्रभाग की वेबसाइट https://main.mohfw.gov.in और https://pmssy.mohfw.gov.in देखें।

विस्तृत विज्ञापन रोजगार समाचार में प्रकाशित किया जाएगा। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45वें दिन होगी।

(दिनेश कुमार)
संयुक्त निदेशक
फोन : 011-23061730

cbc 17101/11/0015/2324


# भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के भाई विक्रम को पेड़ों की कटाई के मामले में फंसाया गया : कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रताप सिम्हा के भाई विक्रम सिन्हा को वृक्षों की कटाई के मामले में 'फंसाया' गया है। विक्रम को एक खेत में पेड़ों की कटाई के मामले में हाल ही में गिरफ्तारी के बाद जमानत मिल गई थी। वह खेत में अदरक उपजाना चाहते थे।

प्रताप सिम्हा ने आरोप लगाया था कि उन्हें बदनाम करने के लिए उनके भाई को फंसाया जा रहा है ताकि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया अपने बेटे यतींद्र सिद्दरामैया को कांग्रेस के टिकट पर मैसूर-कोडागु लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा सकें।

जनता दल (एस) के नेता कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि वन अधिकारियों ने सिद्दरामैया के निर्देश पर गेंडेकेरे जंगल से शीशम की लकड़ी लाई और उसे खेत में रख दिया, जिसे सिम्हा ने पट्टे पर लिया था। कुमारस्वामी के अनुसार, पट्टा अनुबंध एक जनवरी से लागू होना था, लेकिन इससे पहले ही उन्हें फंसा दिया गया। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने वन अधिकारियों को मामले में प्रताप सिम्हा को शामिल करने का निर्देश दिया। वह (सिद्धरमैया) एक वकील होने के नाते यह जानते हैं कि सबूत कैसे गढ़ा जाता है। गेंडेकेरे जंगल से शीशम के पेड़ों को घटनास्थल पर ले जाया गया। मुख्यमंत्री ने ऐसा किया। राज्य में इस तरह से शासन किया जा रहा है।

जद(एस) पिछले साल सितंबर में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हुआ था।





# मोदी पहुंचे जयपुर, मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने किया स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। डीजी-आईजी कांफ्रेंस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम जयपुर पहुंचे गए हैं। प्रधानमंत्री का जयपुर पहुंचने पर सीएम भजनलाल शार्मा और राज्यपाल कलराज मिश्र समेत तमाम नेताओं ने स्वागत किया।एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री का काफिला सीधा भाजपा मुख्यालय की तरफ बढ़ा और 6:00 बजे प्रधानमंत्री भाजपा मुख्यालय पहुंचे। मोदी और शाह की मौजूदगी में प्रदेश मुख्यालय में बैठक करेंगे। मोदी पांच और छह की रात जयपुर में ही रुकेंगे। सात जनवरी रविवार को सुबह अपना उद्बोषण करने के बाद जयपुर से विदा लेंगे। इन दो दिनों में प्रधानमंत्री के साथ ग्रह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, छड- प्रमुख अजित डोभाल सहित कई प्रमुख हस्तियों का जयपुर रहने का कार्यक्रम है।

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित डीआईजी एवं आईजी कांफ्रेंस के अलावा भाजपा मुख्यालय भी जाएंगे। भाजपा मुख्यालय में भाजपा नेताओं के साथ प्रधानमंत्री के संवाद का कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री तीन घंटे तक भाजपा मुख्यालय में रहेंगे। मोदी भाजपा विधायकों, भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और भाजपा के प्रदेश नेताओ से संवाद करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बताया कि कार्यकर्ताओं के जोश और उमंग की कोई सीमा नहीं है। देश के प्रधानमंत्री आम कार्यकर्ताओं के बीच होंगे, ये सभी के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे, जोकि भाजपा कार्यालय आ रहे हैं। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी पहली बार भाजपा कार्यालय जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 2014 में भाजपा की मोदी सरकार आने के बाद ही प्रदेश के हर जिले में भाजपा कार्यालय बनाए जाने की चर्चा शुरू हुई थी। प्रदेश कार्यालय का रूप रंग भी निखारा गया था।

# राजस्थान में मंत्रिपरिषद के विभागों के बंटवारे का राज्यपाल ने किया अनुमोदन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा मंत्रीपरिषद के विभागों के बंटवारे के प्रस्ताव का शुक्रवार को अनुमोदन किया है।

1. **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा** को कार्मिक विभाग,आबकारी विभाग,गृह विभाग,आयोजना विभाग,सामान्य प्रशासन विभाग,नीति निर्धारण प्रकोष्ठ - मुख्यमंत्री सचिवालय,सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मिला है।

2. **उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी** को वित्त विभाग, पर्यटन विभाग, कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग,सार्वजनिक निर्माण विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग,बाल अधिकारिता विभाग दिया गया है।

3. **उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा** को तकनीकी शिक्षा विभाग,उच्च शिक्षा विभाग ,आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं हौम्योपैथी (आयुष) विभाग,परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग मिला है।

4. **किरोडी लाल मीणा** को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग,आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा, जन अभियोग निराकरण विभाग मिला है।

5. **गजेंद्र सिंह खींवसर** को चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं (ईएसआई) दिया गया है।

6. **मदन दिलावर** को विद्यालयी शिक्षा विभाग (स्कूल एजुकेशन),पंचायती राज विभाग,संस्कृत शिक्षा विभाग मिला।

7. **कन्हैयालाल** को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग,भू-जल विभाग दिया गया है।

8. जोगाराम पटेल को संसदीय कार्य विभाग,विधि एवं विधिक कार्य विभाग और विधि परामर्शी कार्यालय,न्याय विभाग दिया गया है।

9. **सुरेश सिंह रावत** को जल संसाधन विभाग,जल संसाधन (आयोजना) विभाग दिया गया है।

10. **अविनाश गहलोत** को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग दिया गया है।

11. **सुमित गोदारा** को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,उपभोक्ता मामले विभाग दिया गया है।

12. **जोराराम कुमावत** को पशुपालन एवं डेयरी विभाग,गोपालन विभाग,देवस्थान विभाग मिला है।

13. **बाबूलाल खराडी** को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, गृह रक्षा विभाग दिया गया।

14. **हेमन्त मीणा** को राजस्व विभाग,उपनिवेशन विभाग मिला।

15. **सुरेन्द्रपाल सिंह टी.टी** को कृषि विपणन विभाग,कृषि सिंचित क्षेत्र विकास एवं जल उपयोगिता विभाग,इंदिरा गांधी नहर विभाग,अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग दिया गया।

16. **संजय शर्मा** को वन विभाग,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मिला।

17. **गोतम कुमार** को सहकारिता विभाग,नागरिक उड्डयन विभाग दिया गया।

18. **झाबर सिंह खर्रा** को नगरीय विकास विभाग,स्वायत्त शासन विभाग मिला

19. **हीरालाल नागर** को ऊर्जा विभाग दिया गया।

20. **ओटा राम देवासी** को पंचायती राज विभाग,ग्रामीण विकास विभाग,आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग दिया

21. **डॉ. मंजू बाघमार** को सार्वजनिक निर्माण विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग,बाल अधिकारिता विभाग दिया गया।

22. **विजय सिंह** को राजस्व विभाग,उपनिवेशन विभाग,सैनिक कल्याण विभाग मिला।

23. **कृष्ण कुमार के. के. विश्नोई** को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग,युवा मामले और खेल विभाग,कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग,नीति निर्धारण विभाग दिया

24. **जवाहर सिंह बेढ़म** को गृह विभाग, गोपालन विभाग,पशुपालन एवं डेयरी विभाग,मत्स्य विभाग दिया

25.**कर्नल राज्यवर्धन राठौड** को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग,सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग,युवा मामले और खेल विभाग,कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग,सैनिक कल्याण विभाग मिला है।



# 'शुष्क सब्जियां सूखे मेवे से ज्यादा पौष्टिक'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। खेजड़ी, कैर, लसोड़ा, काचरी, कुमुट आदि शुष्क वनस्पतियां थार की धरोहर और जैव विविधता का मुख्य अंग है। लेकिन प्रोटीन सहित कई पोषक तत्वों से भरपूर पंचकूटा की ओर कभी ध्यान ही नहीं दिया गया। जबकि यह रूक्षफल कैंसर, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता रखता है। इसके प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से किसानों की आय को बढ़ाया जा सकता है। साथ ही इससे फूड सप्लीमेंट तैयार करने के लिए वैज्ञानिकों को शोध करने की जरूरत है।

राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में 10 दिवसीय आईसीएआर वैज्ञानिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने कहा कि सरकार प्रयास करें तो इन पंचफलों के साथ-साथ पंचकूटा सब्जी को भी जीआई टैग प्राप्त हो सकता है।

साथ ही प्रदेश से जैविक फसल निर्यात का आंकड़ा बढ़ सकता है। क्योंकि पंचफल कृषि वैज्ञानिकों के दृष्टिकोण में पूर्णतः जैविक फल है। यह शुष्क फल भी लघु-सीमांत के साथ-साथ भूमिहीन किसानों के लिए आय का जरिया बन सकता है। उन्होंने बताया कि शुष्क-अर्द्धशुष्क परिस्थितियों में इन सब्जी फसलों में आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण के जरिए इनकी उत्पादकता को बढाया जाना चाहिए। यह सभी शुष्क फसलें किसानों के लिए लाभकारी है साथ ही निर्यात योग्य भी है। थार की आबोहवा में यह फसले स्वतः ही फलती-फूलती है।

उन्होंने कहा कि यह सभी शुष्क सब्जी सूखे मेवे से ज्यादा पोषक तत्वों से भरपूर है। पंचकूटा कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, रेशा, फाइबर, खनिज (कैल्शियम, फास्फोरस, लोहा, जस्ता और मैग्नीशियम), एंटीऑक्सिडेंट (कैरोटीनॉयड, एस्कॉर्बिक एसिड और फ्लेवोनोइड्स), फिनोल, टैनिन, सैपोनिन और दूसरे फाइटोकेमिकल का मूल्यवान स्रोत है। संस्थान के निदेशक डॉ. एएस बालोदा ने कहा कि पंचकूटा प्रदेश को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में मेडिसनल वेजीटेबल के नाम से अलग पहचान दिलाने की क्षमता रखता है। क्योंकि दुनिया में दूसरे देशों के पास फसल उत्पादन के लिए अतिरिक्त क्षेत्र नहीं है।

पाठ्यक्रम निदेशक डॉ. ऊदल सिंह ने बताया कि इस वैज्ञानिक प्रशिक्षण में राजस्थान सहित आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, छत्तीसगढ़ और उत्तरप्रदेश से 25 वैज्ञानिक भाग ले रहे है। कार्यक्रम को उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एमसी गुप्ता, प्रशिक्षण के समन्वयक डॉ. योगेश शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

## राजस्थान सरकार ने सीबीआई को राज्य में जांच के लिए सहमति दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य से जुड़े मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की ओर से सहमति दे दी। एक सरकारी बयान के अनुसार सरकार राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'शून्य बर्दाश्त' की नीति से काम कर रही है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

बयान में कहा गया कि इसी क्रम में मुख्यमंत्री शर्मा ने बृहस्पतिवार को केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य से जुड़े मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की ओर से सहमति दे दी है। प्रस्ताव के अनुसार अब सीबीआई को राज्य में जांच के प्रत्येक मामले में राज्य सरकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करने से सीबीआई आरोपियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कर पाएगी। उल्लेखनीय है कि अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार ने सीबीआई को जांच हेतु दी गई सहमति वापस ले ली थी। बयान के अनुसार मुख्यमंत्री के ताजा निर्णय से सीबीआई राज्य में भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई कर सकेगी, इससे राज्य में भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

# मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा दलित, आदिवासी समुदाय से करवाकर छूआछूत के खिलाफ संदेश दे सकते थे मोदी : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए यह सुनहरा अवसर था जब वह दलित और आदिवासी समुदाय से प्राण प्रतिष्ठा कराकर छुआछूत के खिलाफ संदेश दे सकते थे। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होगा। गहलोत ने कहा कि मोदी के लिए राम मंदिर का उद्घाटन दलित और आदिवासी समुदाय से करवाकर छुआछूत जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ संदेश देने का सुनहरा मौका था और इससे मोदी का मान और बढ़ता।

गहलोत ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'यह मौका था राम मंदिर का .. वहां प्राण प्रतिष्ठा करवाते ये दलितों से भी, आदिवासियों से भी, ओबीसी से भी ...सभी धर्मों के लोगों से। शंकराचार्य को आगे रखते। राष्ट्रपति जी आतीं वहां पर .. पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद साहब भी दलित वर्ग के हैं... उनको भी बुला लेते जिन्होंने आंदोलन शुरू किया था .. लालकृष्ण आडवाणी साहब को.. मुरली मनोहर जोशी साहब को बुलाते।

उन्होंने कहा, 'जिस तरह (प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोना महामारी के दौरान) तालियां और थालियां बजाने का आह्वान किया था, उसी तरह उन्हें (मोदी) यह आह्वान करना चाहिए था कि 22 जनवरी के बाद इस देश में कोई छुआछूत नहीं होगी.. यह मानवता पर कलंक लगा हुआ है हमारे ऊपर.. हिन्दुओं पर ..वो कलंक मैं धो दूंगा।'

गहलोत ने कहा, 'मैं समझता हूं कि ऐसा करने से मोदी की आभा और उनका मान सम्मान बढ़ जाता, सभी जातियों में देश के अंदर, चाहे कोई उनको पसंद करे या नहीं, उनके इस कदम को सब पंसद करते.. मैं भी पसंद करता .. और ज्यादा लोग मोदी भक्त हो जाते.. आप जाकर प्राण प्रतिष्ठा कर रहे हो अकेले । पूर्व मुख्यमंत्री ने फिर आरोप लगाया कि देश में लोकतंत्र खतरे में है और आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई जैसी प्रमुख एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है।

मंत्रियों को विभाग बांटने में देरी को लेकर भी गहलोत ने भाजपा नेतृत्व पर निशाना साधा। गहलोत ने कहा कि पहली बार विधायक बने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को चीजों को समझने में समय लगेगा। उन्होंने कहा 'उन्हें रिमोट कंट्रोल से चलाया जा रहा है।' उन्होंने कहा, 'मैंने मुख्यमंत्री को शुभकामनाएं दी थीं।

वह पहली बार विधायक बने हैं और मुख्यमंत्री बनना एक बड़ा अवसर है, उनकी पार्टी आलाकमान को उनके साथ न्याय करना चाहिए। जिस तरह से पार्टी उनके साथ व्यवहार कर रही है, उसे रिमोट कंट्रोल से चलाया जा रहा है। मंत्रिपरिषद के गठन में समय लगा और अब विभागों का वितरण नहीं हो पा रहा है।'

## शिविरों में आमजन को जागरूक कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों में आमजन को जागरूक कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ें। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने शुक्रवार को सचिवालय में वीसी के माध्यम से संभागीय आयुक्तों एवं जिला कलक्टर्स के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन में प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य कैम्प स्क्रीनिंग, वीवीआई पी सहभागिता, टीबी के लिए स्क्रीनिंग, पीएम उज्वला पंजीकरण, क्विज में भागीदारी, जन सहभागिता, संकल्प लेना, आधार कार्ड,मेरी कहानी मेरी जुबानी, पीएम स्वनिधि योजना, पुरस्कार वितरण, आयुष्मान भारत पंजीकरण, माय भारत वालेंटियर्स पंजीकरण, सुरक्षा बीमा पंजीकरण योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

# पानी की कमी से निपटने के लिए राजस्थान की 'टांका' तकनीक को मनरेगा के तहत आधुनिक रूप दिया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बाड़मेर। केंद्र ने शुष्क क्षेत्रों में पानी की कमी से निपटने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत निर्मित आवास के निकट कंक्रीट के पक्के कुण्ड का निर्माण करने के लिए पश्चिम राजस्थान की पारंपरिक वर्षा जल संचयन प्रणाली 'टांका' को अपनाया है। टांका एक भूमिगत कुण्ड है जो आमतौर पर गोलाकार होता है। इसका निर्माण बाड़मेर जिला और पश्चिमी राजस्थान के अन्य हिस्सों में लोगों द्वारा जुलाई और सितंबर के बीच बारिश के दौरान जल संचयन के लिए किया जाता है।

बाड़मेर के जिलाधिकारी अरुण पुरोहित ने कहा, पारंपरिक 'टांकों' में संग्रहीत पानी मिट्टी की अपनी संरचना के कारण धीरे-धीरे दूषित हो जाता है और पूरे वर्ष तक नहीं टिक पाता है। उन्होंने कहा कि इसलिए, केंद्र ने मनरेगा (ग्रामीण) योजना के तहत इस तकनीक को अपनाया है और मिट्टी के 'टांका' के बजाय कंक्रीट से बने जल भंडारण कुण्ड का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2016 से अब तक कुल 1,84,766 ऐसे कुण्ड बनाए गए हैं, जिनमें से 41,580 चालू वित्त वर्ष 2023-24 में बनाए गए हैं।

पुरोहित ने कहा कि प्रत्येक कुण्ड की क्षमता 35,000 लीटर पानी जमा करने की है और इसे तीन लाख रुपये की लागत से बनाया गया है। जिले में 2,971 गांव हैं, जिन्हें स्थानीय रूप से 'ढाणी' कहा जाता है, और संबंधित ग्राम पंचायतें कार्यान्वयन एजेंसियां हैं।

उन्होंने कहा कि जिले के दूर-दराज के गांवों में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अन्य उपाय भी अपनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि इनमें जल जीवन मिशन (जेजेएम) योजना के साथ-साथ इंदिरा गांधी नहर और नर्मदा परियोजना से पानी की आपूर्ति शामिल है।

पुरोहित ने कहा, हम जेजेएम योजना के तहत 4.25 लाख परिवारों तक पहुंचने का लक्ष्य कर रहे हैं। इनमें से हम पहले ही 1.25 लाख परिवारों को शामिल कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जेजेएम योजना पूरी तरह लागू होने के बाद 'हर घर में नल' कनेक्शन होगा और जिले के सभी घरों में जल उपलब्ध होगा।

कुर्ला गांव के मुखिया देवराम चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में पानी की कमी एक बड़ी समस्या है और जल स्रोत कम हैं। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा वर्षों से लोगों द्वारा उठाया जाता रहा है और स्थानीय प्रतिनिधियों ने अधिकारियों से प्रत्येक आवास को स्थायी भंडारण स्थान प्रदान करने का आग्रह किया है। चौधरी ने कहा, मनरेगा के अंतर्गत 'टांका' के निर्माण से हमें लाभ हुआ है। अब हमें सालभर पेयजल उपलब्ध है। धम्मी देवी (36) नाम की ग्रामीण ने कहा कि इस तरह की संरचनाओं से महिलाओं को विशेष रूप से लाभ हुआ है क्योंकि अब उन्हें जल स्रोतों से पानी लाने के लिए प्रतिदिन 4-5 किलोमीटर दूर नहीं जाना पड़ता है।

## शीतलहर बरकरार, 8 और 9 जनवरी को पड़ सकते ओले

जयपुर। प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। पिछले 24 घंटों के दौरान पश्चिमी राजस्थान में श्रीगंगानगर और पूर्वी राजस्थान में पिलानी सबसे ठंडे रहे। इन शहरों में दिन का तापमान औसत से 7.4 और 8.5 डिग्री सेल्सियस कम रहा। श्रीगंगानगर में 12.5 और पिलानी में 12.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सीकर और बीकानेर जिलों में भी शीतलहर दर्ज की गई। अगले 48 घंटों के दौरान भी राजस्थान के कुछ भागों में दिन का तापमान औसत से 3 से 7 डिग्री सेल्सियस तक कम रह सकता है। कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर संभागों के कुछ इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। इससे दिन के औसत तापमान में 3 से 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है।



# मुख्यमंत्री ने किया गृह मंत्री अमित शाह का स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का आज शुक्रवार को जयपुर पहुंचने पर उनका स्वागत किया। शाह जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय पुलिस महानिदेशक व महानिरीक्षक कॉन्फ्रेंस में भाग लेंगे।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री सुदिया कुमारी, डॉ. प्रेमचन्द बैरवा, मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, मदन दिलावर, अविनाश गहलोत, बाबूलाल खराड़ी, जोगाराम पटेल, सुरेश रावत, जोराराम कुमावत, कन्हैयालाल, सुमित गोदारा, सांसद सीपी जोशी, रामचरण बोहरा, महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर.साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ, जयपुर कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में आज फैसला



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**वाराणसी (उप्र)/भाषा।** वाराणसी की जिला अदालत ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे रिपोर्ट पक्षकारों को सौंपने के मामले में अब छह जनवरी को फैसला सुनाएगी।

हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने शुक्रवार को बताया कि वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर के सीलबंद रिपोर्ट को खोलने और पक्षकारों को सौंपने के मामले में आदेश सुनाने के लिए छह जनवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि इस मामले में सुनवाई पूरी हो चुकी है और जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश ने आज कहा कि आदेश टाइप नहीं हुआ है, इसलिए आदेश कल, शनिवार को जारी किया जाएगा। यादव ने बताया कि इसके पहले बृहस्तवार को जिला न्यायाधीश ए. के. विश्वेश आज महामना मदन मोहन मालवीय के जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने और कचहरी परिसर में एक वकील के निधन पर शोक मनाए जाने की वजह से भी अदालत की कार्यवाही पूरी नहीं हो सकी, लिहाजा जिला न्यायाधीश ने आदेश सुनाने के लिए पांच जनवरी की तारीख तय की थी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट को खोलने और पक्षकारों को सौंपने के लिए जिला अदालत से चार सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया था जिसके बाद मामले को बृहस्पतिवार तक के लिए टाल दिया गया था।

एएसआई ने चार सप्ताह का समय मांगते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया फैसले का हवाला दिया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पिछले साल 19 दिसंबर को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद की मौजूदगी वाली जगह पर कथित मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग संबंधी मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्षों की कई याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अपनी टिप्पणी में कहा था कि वर्ष 1991 का पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) किसी प्रार्थना गृह के धार्मिक चरित्र को परिभाषित नहीं करता है और इसे केवल विरोधी पक्षों द्वारा अदालत में प्रस्तुत साक्ष्य के माध्यम से निर्धारित किया जा सकता है।

न्यायालय ने निचली अदालत को इस मामले को छह महीने के अंदर निपटाने के निर्देश देते हुए कहा था कि अगर जरूरी हो तो निचली अदालत एएसआई को परिसर के छूटे हुए हिस्से का सर्वेक्षण करने का निर्देश दे सकती है। जिला अदालत के 21 जुलाई 2023 के आदेश के बाद एएसआई ने काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में स्थित ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण किया था। इसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि 17 वीं शताब्दी में बनी ज्ञानवापी मस्जिद का निर्माण हिंदू मंदिर की पहले से मौजूद संरचना पर किया गया था या नहीं।

## अयोध्या विवाद में पक्षकार रहे इकबाल अंसारी को मिला रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अयोध्या/भाषा।** राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद मामले में वादी रहे इकबाल अंसारी को शुक्रवार को 22 जनवरी को मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का न्योता मिला। उनकी बेटी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आमंत्रण पत्र रामपथ के नजदीक कोटिया पंजीटोला स्थित अंसारी के आवास पर प्राप्त हुआ।

बेटी शमा परवीन ने 'पीटीआई-भाषा'ने कहा, आज दिन में मेरे पिता को (प्राण प्रतिष्ठा समारोह का) न्योता मिला।

सूत्रों ने बताया कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। वहीं देश और विदेश से आमंत्रित अतिथियों की संख्या करीब सात हजार है।

इकबाल अंसारी ने 31 दिसंबर को 'पीटीआई-भाषा'को अपने आवास पर दिए साक्षात्कार में कहा था कि मुस्लिम समुदाय 2019 में राम मंदिर पर आए उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करता है।



## अयोध्या हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अयोध्या हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अयोध्याधाम' करने के प्रस्ताव को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हवाई अड्डे को एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने का भी निर्णय लिया गया। मोदी ने 30 दिसंबर को हवाई अड्डा का उद्घाटन किया था।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया, हवाई अड्डे का महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम' नाम महर्षि वाल्मीकि को श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने रामायण महाकाव्य की रचना की थी। इस नाम से हवाई अड्डे की पहचान में एक सांस्कृतिक भाव भी जुड़ गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है, अयोध्या की आर्थिक क्षमता और वैश्विक तीर्थ स्थल के रूप में इसके महत्व को समझने, विदेशी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए इसके दरवाजे खोलने के लिए अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना बहुत महत्वपूर्ण है। विज्ञप्ति में कहा गया, अयोध्या, अपनी गहरी सांस्कृतिक जड़ों के साथ रणनीतिक रूप से एक प्रमुख आर्थिक केंद्र और तीर्थस्थल बनने की स्थिति में है। विज्ञप्ति में कहा गया, हवाई अड्डे की अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और व्यवसायों को आकर्षित करने की क्षमता शहर की ऐतिहासिक ख्याति के अनुरूप है।



## न्यायालय ने हलाल प्रमाणपत्र वाले खाद्य उत्पादों के उत्पादन पर रोक को लेकर उप्र से जवाब मांगा

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश में निर्यात के लिए निर्मित उत्पादों को छूट देते हुए हलाल प्रमाणपत्र वाले खाद्य उत्पादों के उत्पादन, भंडारण, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाली अधिसूचना को चुनौती देने वाली दो अलग-अलग याचिकाओं पर शुक्रवार को राज्य सरकार तथा अन्य से जवाब मांगा। उत्तर प्रदेश के खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन, आयुक्त के कार्यालय ने खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम, 2006 की धारा 30 (2) (ए) के तहत पिछले साल 18 नवंबर को एक अधिसूचना जारी की। याचिकाएं सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के समक्ष पेश की गई, जिसने उत्तर प्रदेश सरकार, केंद्र तथा अन्य को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा।

शुरुआत में पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकीलों से सवाल किया कि उच्चतम न्यायालय को संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत उनकी याचिकाओं पर सुनवाई क्यों करनी चाहिए और उन्होंने पहले उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया। इस पर एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि इस मुद्दे का पूरे भारत पर असर पड़ा है और इसका व्यापार तथा वाणिज्य पर भी असर पड़ा है। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय के आदेश का भी पूरे भारत पर असर पड़ता है। यदि मान लीजिए कि उच्च न्यायालय किसी दस्तावेज पर रोक लगाता है तो वह रोक पूरे देश में लागू रहेगी।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अंतर-राज्यीय व्यापार और वाणिज्य के मुद्दे पर भी उच्च न्यायालय विचार कर सकता है। इस पर वकील ने दलील दी कि इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय को ही गौर करने की आवश्यकता है और उसे इस पर विचार करना होगा कि ऐसी अधिसूचना जारी की जा सकती है या नहीं। पीठ ने याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए मामले पर सुनवाई के लिए दो हफ्ते बाद की तारीख तय की।

## कृष्ण जन्मभूमि पर अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका को न्यायालय ने खारिज किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि जन्मस्थान का अधिग्रहण करने और उसे पूजा के लिए हिंदुओं को सौंपने का निर्देश देने की मांग करने वाली जनहित याचिका को खारिज किया था।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 11 अक्टूबर, 2023 के फैसले के खिलाफ अपील को खारिज करते हुए न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा, यह मुद्दा पहले से ही उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। एक से ज्यादा मुकदमा नहीं चलाया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता महक माहेश्वरी के वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय ने भी मुकदमे लंबित होने के आधार पर जनहित याचिका खारिज कर दी थी। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने जनहित याचिका दायर की थी और इसलिए इसे उच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

पीठ ने आदेश में कहा, हम आक्षेपित निर्णय में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं और इसलिए याचिका को खारिज किया जाता है। हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका खारिज किया जाना किसी भी कानून को चुनौती देने के पक्षों के अधिकारों पर टिप्पणी करना नहीं है और न ही किसी भी कानून को चुनौती देने से रोकना है। माहेश्वरी ने अपनी जनहित याचिका में कहा था कि वह एक समर्पित हिंदू हैं और प्रार्थना करते हैं कि पूजा करने के उनके मौलिक अधिकार को संरक्षित किया जाए।

## ममता के नेतृत्व वाली सरकार का बंगाल की सत्ता में बने रहना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा: भाजपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले की एक घटना को लेकर शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की कड़ी आलोचना की और कहा कि ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का हक नहीं है तथा उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल 'जंगलराज' का पर्याय बन चुका है जहां कानून-व्यवस्था और लोकतंत्र खत्म हो गया है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी का एक इतिहास रहा है। दो मई 2021 को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के परिणाम आए और उसी दिन हिंसा हुई, हत्याएं हुईं, बलात्कार हुए और घरों को जला दिया गया। क्योंकि गुंडों को पता है कि उन्हें डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें ममता बनर्जी का संरक्षण प्राप्त है। ममता बनर्जी को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का हक नहीं है, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में जांच करने के लिए ईडी के जो अधिकारी गए थे, उन पर तृणमूल कांग्रेस के 'गुंडों व अवैध घुसपैठियों' ने जानलेवा हमला किया है। उन्होंने कहा, यह शर्मनाक है कि पश्चिम बंगाल ममता बनर्जी के राज में जंगलराज का पर्याय बन चुका है। यह चिंताजनक है कि बंगाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त है। पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र खत्म हो गया है।

## बहराइच जिले के भाजपा विधायक को एसडीएम को धमकी देने के मामले में दो वर्ष कैद की सजा

**बहराइच (उप्र)/भाषा।** बहराइच जिले की महसी विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक सुरेश्वर सिंह को सांसदों/विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई के लिए गठित यहां की एक विशेष अदालत ने उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को धमकी देने के 21 साल पुराने मामले में दो साल कैद और ढाई हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) मुन्नू लाल मिश्र ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अदालत ने सजा सुनाए जाने के बाद विधायक को फैसले के खिलाफ अपील दायर करने के लिए जमानत दे दी है। यह आदेश चार जनवरी को सुनाया गया था, जिसकी प्रति शुक्रवार को उपलब्ध हुई।

## असम में 48 घंटे की हड़ताल शुरू, वाणिज्यिक और सार्वजनिक वाहन सड़कों से नदारद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गुवाहाटी/भाषा।** 'हिट-एंड-रन' मामलों पर नए दंडात्मक कानून के विरोध में असम के परिवहन संघों द्वारा संयुक्त रूप से बुलाई गई 48 घंटे की हड़ताल के कारण शुक्रवार को राज्य के अधिकांश हिस्सों में वाणिज्यिक और सार्वजनिक परिवहन से जुड़े वाहन सड़कों से नदारद दिखे। हड़ताल के कारण बसें, टैक्सियां और ऐप संचालित कैब नहीं चलने के कारण ऑफिस जाने वाले लोगों को अपने कार्यस्थलों तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

असम मोटर वर्कर एसोसिएशन के संयोजक रामेन दास ने कहा, सरकार किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए केवल चालकों को दोषी ठहराना चाहती है, भले ही उसने अपराध नहीं किया हो। सड़क की स्थिति को सुधारने के बजाय, वे गरीब चालकों को दंडित कर रहे हैं। दास ने कहा, हिट-एंड-रन' मामलों पर नया कानून चालक विरोधी है और वाहनों के मालिकों के खिलाफ है। हम कानून वापस लेने की अपनी मांग पर दबाव बनाने के लिए शुक्रवार सुबह पांच बजे से रविवार सुबह पांच बजे तक सभी वाहनों की हड़ताल का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार रात को राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में कोई रास्ता नहीं निकला। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने और पुलिस या प्रशासन को सूचित किए बिना मौके से भागने वाले चालकों को 10 साल तक की जेल की सजा या सात लाख रुपए का जुर्माना हो सकता है। बीएनएस, भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह लेगा।

आईपीसी में ऐसे अपराधों के लिए दो साल की सजा का प्रावधान था। दास ने कहा कि हमने निजी कार मालिकों से भी इस आंदोलन में शामिल होने का आग्रह किया है क्योंकि यह कानून सभी पर लागू होता है फिर चाहे घटना किसी वाणिज्यिक वाहन से हुई या फिर छोटी कार से। हड़ताल के आह्वान के बीच राज्य भर के पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखी गईं।

## अरुणाचल प्रदेश के तीन और उत्पादों को जीआई टैग मिला

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश की अदरक, हस्तनिर्मित कालीन और वांचो लकड़ी के शिल्प ने भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग हासिल कर लिया है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने यह घोषणा की। अरुणाचल प्रदेश में अदरक को स्थानीय तौर पर आदि केकिर के नाम से जाना जाता है। भौगोलिक संकेत या जीआई उन उत्पादों पर इस्तेमाल किया जाने वाला एक संकेत है जिनकी एक विशिष्ट भौगोलिक उत्पत्ति होती है। इस विशिष्ट भौगोलिक उत्पति के कारण उनमें विशेष गुण और उनका विशेष महत्व होता है।

मुख्यमंत्री ने यहां बृहस्पतिवार को कहा, यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि आदि केकिर (अदरक), हस्तनिर्मित कालीन और वांचो लकड़ी के शिल्प को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग दिए गए हैं। वास्तव में यह हमारे राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कुशल शिल्प कौशल को मान्यता है। आइए अपनी अनूठी परंपराओं का जश्न मनाएं और उन्हें बढ़ावा दें।

आदि केकिर अदरक की एक किस्म है जिसकी पैदावार अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट सियांग, सियांग और अपर सियांग जिलों में होती है। यह अपने स्वाद और आकार के लिए जानी जाती है।

## चीन के सरकारी मीडिया में प्रधानमंत्री मोदी के लिए सिर्फ तारीफ पर कोई आश्चर्य नहीं : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** 'ग्लोबल टाइम्स' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों की सराहना करते हुए एक आलेख प्रकाशित होने के बाद कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि चीन के सरकारी मीडिया ने उनकी प्रशंसा की है। पार्टी ने आरोप लगाया कि यह मोदी ही थे जिन्होंने उस देश के हितों को समायोजित किया और उसे भारत के पड़ोस में प्रभाव हासिल करने की अनुमति दी।

चीन के सरकारी अखबार 'ग्लोबल टाइम्स' के एक आलेख में कहा गया है कि पड़ोसी देश भारत विमर्श बनाने और विकसित करने में रणनीतिक रूप से अधिक आश्वस्त और सक्रिय हो गया है। अखबार ने प्रधानमंत्री मोदी के तहत आर्थिक, सामाजिक शासन और विदेश नीति के क्षेत्र में भारत की महत्वपूर्ण प्रगति की प्रशंसा की है। एक बयान में, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, चीन की आधिकारिक मीडिया में प्रधानमंत्री की प्रशंसा से उनका प्रशस्ति-गान करने वाले खुश हैं। और उन्हें चीन से प्रशंसा क्यों नहीं मिलनी चाहिए? आखिरकार वह और सिर्फ वह ही थे, जिन्होंने - चीनियों को 19 जून, 2020 को अपने सार्वजनिक बयान- 'ना कोई हमारी सीमा में घुस आया है, ना ही कोई घुसा हुआ है, ना ही हमारी कोई पोस्ट किसी दूसरे के कब्ज़े में हैं' - के साथ क्लीन चिट दे दी थी। रमेश ने आरोप लगाया, हमारे सैनिकों के लिए गंभीर अपमान होने के अलावा, इस झूठ ने कोर कमांडर-स्तर की वार्ता के 18 दौर में हमारे रुख को नुकसान पहुंचाया।

## असम को 2023 में 11,000 करोड़ रुपए से अधिक के रिकॉर्ड निवेश प्रस्ताव मिले:मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य को 2023 में 11,000 करोड़ रुपए से अधिक रिकॉर्ड निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे 10,000 से अधिक नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2023 में निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाया गया और इस ''ऐतिहासिक वर्ष'' में असम की औद्योगिक तथा निवेश नीति (संशोधन) 2023 के तहत राज्य का औद्योगिक परिदृश्य बदल गया।

शर्मा ने कहा, 2023 में असम में हमारी अग्रणी अनुकूलित प्रोत्साहन नीति के दम पर 11,000 करोड़ रुपए से अधिक के रिकॉर्ड निवेश प्रस्ताव मिले, जिससे 10,000 से अधिक नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है। योजना के तहत कई प्रोत्साहनों की पेशकश की गई जिसमें 77.1 करोड़ रुपए की बिजली सब्सिडी, 31.77 करोड़ रुपए की बिजली शुल्क प्रतिपूर्ति और 282.25 करोड़ रुपए की पूंजी सब्सिडी शामिल है।

# कोहली और जडेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में, साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के लिए अश्विन की चुनौती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**दुबई/भाषा।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे जबकि दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में हैं। कोहली और जडेजा को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और टीम के उनके साथी ट्रेविस हेड से चुनौती मिलेगी। आईसीसी ने शुक्रवार को कहा कि अश्विन को हेड और ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी उस्मान ख्वाजा के अलावा इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

कोहली ने 2023 में टेस्ट और वनडे में 35 मैच में 2048 रन बनाए जिसमें विश्व कप के दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने वाला 50वां एकदिवसीय शतक भी शामिल है। जडेजा ने 35 मैच में 613 रन बनाने के अलावा 66 विकेट लिए। उन्होंने पिछले साल की शुरुआत में बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 22 विकेट चटकाए थे।

कमिंस ने 24 मैच में 422 रन बनाए और 59 विकेट लिए। उनकी अगुआई में ऑस्ट्रेलिया ने एशेज, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल और एकदिवसीय विश्व कप में खिताब जीता। हेड 2023 में बल्ले से जोरदार फॉर्म में थे। उन्होंने 31 मैच में 1698 रन बनाए जिसमें भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल और एकदिवसीय विश्व कप फाइनल में शतक भी शामिल हैं। इस बीच भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर अश्विन ने आईसीसी रैंकिंग में साल का अंत शीर्ष टेस्ट गेंदबाज के रूप में किया। उन्होंने 17.02 की शानदार औसत से 41 विकेट लिए। उन्होंने इस दौरान टेस्ट में किसी भी गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। पिछले साल टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड की सफलता में रूट का योगदान उल्लेखनीय था। उन्होंने आठ टेस्ट मैचों में 65.58 की दमदार औसत के साथ 787 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ख्वाजा पिछले साल सबसे लंबे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में शीर्ष पर रहे। उन्होंने 52.60 की औसत से 1210 रन बनाए जिसमें तीन शतक शामिल थे।

## अखिल भारतीय स्नूकर ओपन में हिस्सा लेंगे पंकज आडवाणी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी छह से 19 जनवरी तक यहां होने वाले अखिल भारतीय स्नूकर ओपन में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

टूर्नामेंट 'बॉल्कलाइन 3.0' की कुल पुरस्कार राशि 18.5 लाख रुपए है और इसमें पिछले साल के विजेता लक्ष्मण रावत, उप विजेता आदित्य मेहता और राष्ट्रीय चैम्पियन सौरव कोठारी भी शिरकत करेंगे। कोठारी ने 2022 में शुरुआती चरण का खिताब जीता था। देश के कई अन्य स्नूकर खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट 32 खिलाड़ियों के क्वालीफाइंग ड्रा से शुरू होगा जो मुख्य ड्रा में सीधे प्रवेश करने वाले 32 खिलाड़ियों के साथ जुड़ जाएंगे। मुख्य ड्रा 13 जनवरी से शुरू होगा। विजेता को पांच लाख रुपए जबकि उप विजेता को ढाई लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ियों को एक एक लाख रुपए जबकि क्वार्टरफाइनल में हारने वाले चार खिलाड़ियों को 50 हजार रुपए मिलेंगे।

## सुविचार

**जिंदगी के सफर में बस इतना ही सबक सीखा हैं, सहारा कोई कोई ही देता है, धक्का देने को हर शख्स तैयार बैठा हैं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बड़ी चुनौती

साइबर प्रौद्योगिकी के लिए मशहूर शहर बेंगलूरु में अपराधों को अंजाम देने के लिए इसका बढ़ता इस्तेमाल पुलिस के लिए बड़ी चुनौती है। साल 2023 में (उससे पिछले साल की तुलना में) साइबर अपराधों के मामलों में 77 प्रतिशत की वृद्धि बताती है कि अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। हालांकि इस आंकड़े की एक वजह लोगों में जागरूकता का प्रसार भी हो सकती है, चूंकि अब ऐसी घटना होने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आसान विकल्प उपलब्ध हैं। बेंगलूरु शहर पुलिस द्वारा दर्ज किए गए आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि जैसे-जैसे लोगों के पास साइबर प्रौद्योगिकी पहुंच रही है, उनके लिए सुविधाएं तो बढ़ रही हैं, लेकिन इसका इस्तेमाल करते हुए साइबर अपराधी, लोगों को खूब लूट भी रहे हैं। शहर पुलिस ने साल 2021 में साइबर अपराध के 6,422 मामले दर्ज किए थे, जिनमें साल 2022 में भारी उछाल आया और यह आंकड़ा 9,940 तक पहुंच गया। साल 2023 में 17,623 मामलों का दर्ज होना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि साइबर अपराधी खूब सेंध लगा रहे हैं, जिन्हें रोकने के लिए कोई ठोस उपाय करने की जरूरत है। इसी साल पुलिस ने 1,271 मामलों का समाधान भी किया, लेकिन अपराधों के आंकड़ों के सामने यह तादाद बहुत कम है। बेशक इंटरनेट का बढ़ता इस्तेमाल विकास का प्रतीक है, वहीं साइबर अपराध से संबंधित मामलों का बढ़ता ग्राफ यह बताता है कि अब अपराधी ज्यादा शातिर होते जा रहे हैं। आमतौर पर यह माना जाता है कि बड़े शहरों में लोग साइबर सुरक्षा का ज्यादा ध्यान रखते हैं, लेकिन हाल के वर्षों में अपराधियों ने जैसे हथकंडे अपनाए, वे हैरान कर देने वाले हैं। जो लोग साइबर धोखाधड़ी के शिकार हुए, उनमें आम लोगों से लेकर डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नेता तक शामिल हैं। यही नहीं, ऐसे मामले भी देखने में आए हैं, जिनसे पता चलता है कि अपराधियों ने पुलिसकर्मियों और बैंककर्मियों तक को चूना लगा दिया!

साल 2023 में ऑनलाइन जॉब के नाम पर लोगों के बैंक खाते खूब खाली किए गए। इसके ज्यादातर मामलों में एक तरीका अपनाया गया। सबसे पहले वॉट्सऐप या टेलीग्राम पर एक मैसेज आता है कि 'ऑनलाइन जॉब उपलब्ध है, जिसमें आपको सिर्फ कुछ वीडियो लाइक करने होंगे या होटलों आदि को रिव्यू देने होंगे। इसके बदले रोजाना हजारों रुपए की कमाई कर सकते हैं।' लोग इस झांसे में आ जाते हैं और बाद में अपनी जमा-पूंजी गंवा देते हैं। ऐसा मैसेज आने पर सबसे पहले यह सवाल खुद से पूछना चाहिए कि कोई कंपनी महज कुछ वीडियो लाइक करने के बदले हजारों रुपए दे रही है तो उसके पास ऐसा कौनसा खजाना है? जिन लोगों ने सावधानी बरती और ऐसे प्रस्तावों पर संदेह किया, वे यकीनन बच गए। जो रातोंरात करोड़पति बनना चाहते थे, वे अपना नुकसान करा बैठे। ऐसे मामलों में अपराधी 'लालच' का दांव चलते हैं। इनका दूसरा बड़ा हथियार 'डर' है। साइबर अपराधी इसका इस्तेमाल भी खूब करते हैं। वे लोगों को फोन या वीडियो कॉल कर कहते हैं कि 'आपके नाम से पार्सल आया था, जिसमें अवैध चीजें हैं ... आप इंटरनेट पर आपत्तिजनक चीजें सर्च करते हैं ... आपने सोशल मीडिया पर जिस व्यक्ति से मित्रता की, उसने शिकायत दर्ज कराई है ...।' इसके अलावा सेक्सटॉर्शन एक खतरनाक तरीका है, जिसके मामले बहुत बढ़ गए हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल बढ़ने के साथ इसका दुरुपयोग भी होने लगा है। इससे साइबर अपराध 'अगले स्तर' पर पहुंच गए हैं। पिछले साल एक अभिनेत्री का डीपफेक वीडियो काफी चर्चा में रहा था। इसी तरह एक पुलिस अधिकारी के चेहरे और आवाज का दुरुपयोग करते हुए धमकी देने का वीडियो खूब वायरल हुआ था, जबकि वे अधिकारी बहुत पहले सेवानिवृत्त हो चुके थे और उन्होंने किसी को वीडियो कॉल नहीं किया था। 'लॉटरी निकलने', 'मुसीबत में बताकर मदद मांगने' जैसे तरीके बहुत पुराने हो चुके हैं। अब साइबर अपराधी नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं, जिनके बारे में पहले शायद ही किसी ने सुना हो। जब तक उसके संबंध में जागरूकता के प्रसार की कोशिश की जाती है, अपराधी कई लोगों को लूट चुके होते हैं। साइबर विशेषज्ञों को इस समस्या का कोई ठोस समाधान ढूंढ़ना होगा, क्योंकि हाल के वर्षों में जिस तरह बड़े-बड़े मामले सामने आए हैं, उससे चिंतित होकर कई लोग तो ऑनलाइन माध्यम से दूर जाने लगे हैं।

## ट्वीटर टॉक



राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचन करने पर सभी सदस्यों का हार्दिक आभार और धन्यवाद !! सदन में लोकतांत्रिक परंपराओं का गरिमापूर्ण निर्वहन हो एवं राजस्थान के प्रत्येक जन की आकांक्षाओं की पूर्ति का केंद्र राजस्थान विधानसभा बने।

**–वासुदेव देवनानी**



श्रीकरणपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए आज मतदान किया जा रहा है। मेरी सभी मतदाताओं से अपील है कि वोट की ताकत का उपयोग करते हुए अपने सशक्त, सुनहरे व सुरक्षित भविष्य एवं क्षेत्र के स्वाभिमान के लिए मतदान अवश्य करें। लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

**–सचिन पायलट**

## प्रेरक प्रसंग

# आस्था का आत्मीय पक्ष

यह प्रसंग स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी के समय दक्षणेश्वर काली मंदिर का है। जन्माष्टमी का उत्सव था। पुजारी दोपहर की पूजा के पश्चात, भगवान कृष्ण के विग्रह को शयन के लिए दूसरे कमरे में ले जा रहा था। अचानक पुजारी का पैर फिसला और वह मूर्ति सहित फर्श पर जा गिरे। मूर्ति की एक अंगुली टूट गई। विग्रह के खंडित होने से अमंगल का खतरा देख भक्त भयाक्रांत हो गए। मंदिर की संस्थापिका रानी रासमणि को जब यह सूचना मिली, तो वह डर के मारे सिहर उठी। रानी रासमणि की उस विग्रह में अटूट श्रद्धा थी। पंडितों का मत था कि खंडित विग्रह को गंगा जी मे विसर्जित कर नई मूर्ति की स्थापना कर देनी चाहिए। रानी मां की श्रद्धा राम कृष्ण परमहंस में बहुत थी। जब समस्या के समाधान के लिए परमहंस जी से पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'परिवार में किसी की अंगुली टूट जाये तो उसको जोड़ते हैं न कि उसे विसर्जित कर देते हैं। उन्होंने बड़ी सफाई से उंगली को जोड़ दिया। भावना सर्वोपरि होती है, विधि-विधान नहीं। अब रानी मां का धर्म संकट समाप्त हो चुका था।

## सामयिक

# 'हिट एंड रन' पर सख्ती से पहले व्यवस्थाओं की हो दुरुस्तगी

**ऋतुपर्ण दवे**
email : rituparndavegmail.com



सुकून की बात है कि ट्रांसपोर्टरों की देश व्यापी हड़ताल खत्म हो गई। इससे भी अच्छी बात यह रही कि सरकार को जल्द समझ आ गया कि मामला हाथ से निकलता दिख रहा है। इधर देश भर के तमाम ट्रांसपोर्टर संगठनों को 'हिट एंड रन' मामले में सजा के नए प्रावधानों को लेकर न केवल काफी भ्रम था बल्कि खासकर ड्राइवरों की चिन्ता वाजिब थी। हो सकता है कि एकाएक सरकार के बैकफुट पर आने की वजह सामने आ रहे आम-चुनाव हों? लेकिन कानून के सबसे ज्यादा असर से डरे ड्राइवरों का डर और भविष्य कि चिन्ता भी नकारी नहीं जा सकती है। कम तनख्वाह, गरीबी गुजारा और साधारण रहन-सहन के चलते भारत के समकक्ष माने जाने वाले देशों के मुकाबले हमारे प्राइवेट ड्राइवरों की हैसियत एक मजदूर से ज्यादा नहीं है।

भारत में हर साल करीब साढ़े 4 लाख सड़क दुर्घटनाओं में डेढ़ लाख मौतें होती हैं। जबकि हिट एंड रन से 25-30 हजार लोगों की जान चली जाती है। सच है कि दुर्घटना जानबूझकर कोई नहीं करता। लेकिन दुर्घटना के बाद ड्राइवर फरार हो जाते हैं क्योंकि यदि रुकेगा तो आसपास इकट्ठी हुई भीड़ बिना गलती जाने खुद ही फैसला करने लगती है। अनेकों उदाहरण सामने हैं कि सड़क दुर्घटनाओं के बाद पकड़े गए ड्राइवर किस बुरी तरह पिटते हैं, उनकी मौत तक हो जाती है। कई बार लदा-लदाया वाहन समते ड्राइवर को जिन्दा तक जला दिया जाता है। ऐसे सार्वजनिक कृत्य करने वालों के खिलाफ अक्सर मामला तक दर्ज नहीं होता। ड्राइवर जान से हाथ धो बैठता है तो उसका परिवार अनाथ होकर दर-दर भटकने को मजबूर।

भारत में करीब 1 करोड़ कमर्शियल वाहन हैं जिससे 20 करोड़ लोगों को काम मिलता है। ऐसे में हड़ताल होने से हुआ नुकसान समझ आता है। निश्चित रूप से सरकार द्वारा इस कानून पर सोच-विचार कर, ट्रांसपोर्टरों का पक्ष जानने की पहल अच्छी है। लेकिन यही काम पहले भी हो सकता था जब इसके संशोधन खातिर अमल में जुटे विशेषज्ञ और नौकरशाह दूर की सोचते। क्या उन्हें नहीं पता था कि ट्रांसपोर्टर संगठन कितना मजबूत है? वाहनों के पहिए थम जाएंगे तो हालात कैसे बेकाबू हो जाएंगे? वही हुआ। यकीनन ट्रांसपोर्टेशन देश की अर्थव्यवस्था के साथ आम लोगों की सभी जरूरतों की पूर्ति करता है। सब्जी, भाजी, दूध, अनाज, दवाई और आम और खास सभी के आवागमन का जरिया भी है। ऐसे में हड़ताल से एक ही दिन में देश भर में महज पेट्रोल-डीजल की किल्लत तो सब्जियों के दूने भाव ने हालात कहां से कहां पहुंचा दिए सबने चंद घण्टों में देख लिया।

यह सही है कि भारतीय न्याय दंड सहिंता में पहले हिट-एंड-रन जैसी घटनाओं खातिर कोई सीधा कानून नहीं था। जिसमें आरोपी पर आपीसी को धारा 304 ए में अधिकतम दो साल की जेल या जुर्माने का प्रावधान रहा। लेकिन नई भारतीय न्याय संहिता यानी बीएनएस जो ब्रिटिश-कालीन भारतीय दंड संहिता की जगह बना, उसमें यदि ड्राइवर से गंभीर सड़क दुर्घटना होती है और वह पुलिस या किसी अधिकारी को जानकारी दिए बिना चला जाता है, तो उसे दंडित किया जा सकेगा। इसमें 10 साल तक की जेल और 7 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। लेकिन बड़ा सवाल कि आरोपी ड्राइवर की सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी होगी, भले ही टक्कर सामने वाले की गलती से हुई हो? वहीं दुपहिया वाहन चालकों के मामले तो अक्सर सामने या साइड से आकर पीछे के चकों से दुर्घटनाग्रस्त होने के न जाने कितने मामले हैं। निश्चित रूप से हरेक में मौके पर आरोपी बड़ा वाहन वाला ही कहलाता है। लेकिन अक्सर देखने में आता है कि बड़े वाहन भी साइड देते समय सड़क नहीं छोड़ते हैं। सामने से आ रहा वाहन इस मुगालते में रहता है कि खाली सड़क है साइड मिलेगा। लेकिन पलक झपकते आमने-सामने आ जाते हैं और नतीजा गंभीर दुर्घटना में तब्दील हो जाता है।

भारत में इस कानून में सुधार की दरकार जरूरी है। लेकिन सभी पहलुओं पर विचार के साथ। दुनिया भर के कानूनों को भी देखना होगा जहां ड्राइवर बनना एक सम्मानजनक पेशा है। संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई में ऐसे मामलों में ड्राइवर को सबसे पहले गाड़ी से जुड़े दस्तावेज पुलिस को सौंपने होते हैं। अगर घटनास्थल पर पुलिस नहीं है तो 6 घंटे के अंदर जानकारी पुलिस को देनी होगी। देरी पर वजह बतानी होगी। यहां ड्राइवर को चार साल की जेल या उससे 44,44,353 रुपए बतौर जुर्माना वसूला जा सकता है। लेकिन एक्सीडेंट के कारण कोई घायल होता है और उसे हॉस्पिटल ले जाया जाता है तो दोषी ड्राइवर को 2 साल की जेल और 22 हजार रुपए तक जुर्माना वसूला जाएगा। कनाडा में ड्राइवर को 5 साल की जेल लेकिन एक्सीडेंट से मौत पर आजीवन कैद का प्रावधान है। गलत जानकारी देने पर जुर्मान बढ़ सकता है। अमेरिका में अलग-अलग राज्यों के अलग-अलग नियम हैं। ड्राइवर की भूमिका से दुर्घटना की गंभीरता आंकी जाती है। इससे जुर्माना और सजा भी घट-बढ़ जाती है। जुर्माने के साथ 10 साल की जेल तक हो सकती है। ब्रिटेन में ड्राइवर के मौके पर रहना या भाग जाना भी सजा तय करता है। यहां अनिश्चित जुर्माने के साथ 6 माह की जेल का प्रावधान है। सबसे कम सड़क दुर्घटनाएं जापान में होती हैं। वर्ष 2020 में से केवल 3416 लोगों को ही अपनी गंवानी पड़ी। लेकिन अमेरिका, जापान, नार्वे, स्वीटडरलैंड जैसे विकसित देशों की तुलना हम बहुत पीछे हैं। यहां हिंट एंड रन से मौतों का आंकड़ा अत्याधिक है जिसकी वजह लापरवाही, गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के साथ सड़क नियमों का पालन नहीं करना है। इसमें सीट बेल्ट, हेलमेट नहीं पहनना तथा ओवरस्पीडिंग है जो कैमरों से पकड़ी जा सकती है तो नशे में गाड़ी चलाने वालों की जांच टोल नाकों पर ऑटोमेटिक मशीनें लगाकर की जा सकती हैं जो अगले पुलिस टीम, चौकी या उड़न दस्ते को संदेश भेज दे।

यकीनन कानून में सुधार वक्त का तकाजा है। रही बात दुर्घटना करने वालों की पतासाजी की तो आजकल जगह-जगह सीसीटीवी लगे हैं, टोल नाके भी हैं। सबके साथ समन्वय बिठाकर भी आरोपी तक पहुंचा जा सकता है। जब बड़े-बड़े हाईवे और राजमार्गों पर अरबों रुपए खर्च होते सकते हैं तो क्या कुछ हजार और खर्च कर हर किलोमीटर पर सीसीटीवी नहीं जरूरी नहीं हो सकते? यकीनन तीसरी आँख और तकनीक की निगरानी से ड्राइवरों पर नकेल के साथ सुरक्षा भी दी जा सकती है जिसका सभी पर मनोवैज्ञानिक असर पड़ेगा। जब व्यवस्थाएं दुरुस्त हो जाएंगी तो सख्त और प्रैक्टीकल कानूनों से भला कोई क्यों ऐतराज करेगा?

## विशेष

# सियासत के कट्टर ईमानदार और कट्टर बेईमान

**बाल मुकुन्द ओझा**
**मोबाइल : 9414441218**

देश की राजधानी दिल्ली में कट्टर ईमानदार और बेईमान पर सियासत अपने पूरे उफान पर है। इस सियासी ड्रामें का अंत सुखद होगा या दुखद हालफिलहाल यह कोई कहने की स्थिति में नहीं है। केजरीवाल जन आंदोलन की उपज है और आंदोलन से निकली पार्टी के मुखिया है। दिल्ली की जनता ने भारी बहुमत से उन्हें सिंहासन पर बैठाया है। इसे भी मान लेने में कोई गुरेज नहीं है कि केजरीवाल को राज चलाना नहीं आता। यही कारण है उसके निकटस्थ साथी एक एक कर उसका साथ छोड़ गए। अन्ना आंदोलन के दौरान केजरीवाल कांग्रेस के भ्रष्टाचार को भारी जोर शोर से उठाते थे और यह कहते नहीं थकते थे कि सोनिया गांधी सहित कांग्रेस के नेताओं ने देश को लूटा है, इसलिए उनकी जगह जेल में होनी चाहिए। मगर शासन में आते ही केजरीवाल प्रधान मंत्री मोदी पर आरोप लगाने से नहीं चूके और कांग्रेस से हाथ मिलाने में कोई गुरेज नहीं किया। भाजपा भी विधानसभा चुनाव में अपनी हार को नहीं पचा पारही है और केजरीवाल को बक्सने के मूढ़ में नहीं है। मगर इस बार केजरीवाल और उसकी पार्टी को भ्रष्टाचार के मामले का सामना करना पड़ रहा है और उससे बचने के लिए तरह तरह के उपाय सोचे जा रहे है।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पूर्व भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक जंग छेड़ दी है। मोदी के निशाने पर वे सभी नेता है जो किसी न किसी घोटाले में फंसे है। हालाँकि विपक्ष का आरोप है की भाजपा में शामिल होने वाले कथित भ्रष्टाचारियों को बक्श दिया गया है। इस समय केंद्रीय जाँच एजेंसियों के निशाने पर देश की राजधानी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल और झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्यत शामिल है जिन पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप है। सियासी दंगल में केजरीवाल को कट्टर ईमानदार और कट्टर बेईमान की संज्ञा से विभूषित किया जा रहा है। आम आदमी पार्टी जहाँ अपने नेता को कट्टर ईमानदार बता रही है वहां भाजपा कट्टर बेईमान बता रही है। इस समय दोनों मुख्यमंत्रियों पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। ईडी दोनों मुख्यमंत्रियों को लगातार समन भेजकर अपना शिकंजा कस रही है। दोनों ही मुख्यमंत्री अपनी गिरफ़्तारी की आशंका व्यक्त कर जांच एजेंसी के सामने पेश नहीं हो रहे है। देश में लोकसभा चुनाव चार पांच महीने बाद होने वाले है। चुनाव से पूर्व दो मुख्यमंत्री और कई बड़े विपक्षी नेता ईडी और अन्य जाँच एजेंसियों के निशाने पर हैं। इसे लेकर सियासी हलचल उफान पर है। ईडी लगातार इन नेताओं से पूछताछ के लिए समन भेज



**केजरीवाल का आरोप है उनके नेताओं को बिना किसी सबूत के जेल में बंद कर रखा है और उन्हें भी आगामी चुनाव में अपनी हार के डर से जेल में बंद करना चाहती है। समन ईडी नहीं भाजपा भेज रही है। भाजपा कह रही है आप नेता निर्दोष है तो अदालत उन्हें छोड़ क्यों नहीं देती।शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह पहले ही जेल में हैं।**

रही है। केजरीवाल का आरोप है उनके नेताओं को बिना किसी सबूत के जेल में बंद कर रखा है और उन्हें भी आगामी चुनाव में अपनी हार के डर से जेल में बंद करना चाहती है। समन ईडी नहीं भाजपा भेज रही है। भाजपा कह रही है आप नेता निर्दोष है तो अदालत उन्हें छोड़ क्यों नहीं देती।शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह पहले ही जेल में हैं। झारखण्ड के मुख्यमंत्री पर भी खनन घोटाले का गंभीर आरोप है और वे भी सात बार समन भेजने के बाद भी ईडी के सामने उपस्थित नहीं हो रहे है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की. कथित अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के जुड़े मामले में ईडी हमेंत सोरेन के करीबियों के ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। इस कारण झारखंड की राजनीति में इस वक्त काफी उठापठक चल रही है। दोनों ही नेता समन को राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं और केंद्र सरकार पर आरोप लगा रहे हैं कि लोकसभा चुनाव की तैयारी से पहले गिरफ्तार करने की साजिश की जा रही है ताकि मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार न कर सकें। इसके अलावा राहुल गांधी, सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, तेजस्वी यादव, संजय राउत, अभिषेक बनर्जी, जंयत पाटिल, राघव चड्ढा, पी चिदंबरम, डीके शिवकुमार आदि पर भी ईडी की जाँच की तलवार लटक रही है। गौरतलब है विपक्ष ईडी पर पक्षपात करने का आरोप लगते रहते है। विपक्षी नेताओं ने ईडी को बीजेपी की कठपुतली कहा है। इन आरोपों पर स्वतंत्र समीक्षक कहते हैं कि अगर एजेंसी कार्रवाई करती है तो इसका मतलब शुरुआती जांच के आधार पर उनके पास कुछ न कुछ सबूत है। अगर किसी को भी ईडी की कार्रवाई गलत लगती है तो अदालत जाकर अपनी बात रखने का विकल्प है। वहां अपना पक्ष रख सकते हैं। विपक्ष कह रहा है सत्तारूढ़ पार्टी देश की संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट भ्रष्ट कर रही है तो सत्तारूढ़ पार्टी का कहना है जिन लोगों ने देश को लूटा है वे सारे अपनी जान बचाने के लिए एक होने का नाटक कर रहे है ताकि उनके खिलाफ कोई स्वतंत्र जाँच न हो।

## चिंतन

# राजभर का योगी पर दिल्ली वाला दांव बिगाड़ न दे बात

**अजय कुमार**
**मोबाइल : 9335566111**

उत्तर प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठबंधन का हिस्सा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी और हमेशा सुर्खियां बटोरते रहते हैं। यह सुर्खियां खासकर इस बात को लेकर बनती हैं कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर योगी मत्रिमंडल का कब हिस्सा बनेंगे। इसको लेकर लम्बे समय से अटकले भी लग रही हैं, लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सपा छोड़कर भाजपा में आये दारा सिंह चौहान के मंत्री बनने की तमन्ना पूरी नहीं हो पा रही है। मंत्री बनने के लिए राजभर कुछ ज्यादा बेचैन दिख रहे हैं। योगी से कई बार मुलाकात के बाद भी जब राजभर के मंत्री बनने की राह नहीं खुली तो उन्होंने दिल्ली के दरबार में दस्तक देना शुरू कर दिया है। गत दिवस राजभर ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मुलाकात की है। राजभर और शाह के बीच हुई मुलाकात कई मायनों में अहम मानी जा रही है। राजभर इससे पहले सीएम योगी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर चुके हैं।



सूत्र बताते हैं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से राजभर की मुलाकात के दौरान यूपी मंत्रिमंडल विस्तार, लोकसभा चुनाव समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई. इस मुलाकात के बाद राजभर के योगी मंत्रिमंडल में शामिल होने की चर्चाओं ने फिर तूल पकड़ लिया है। सुभासपा की ओर से दावा किया जा रहा है कि खरमास खत्म होते ही योगी मंत्रिमंडल विस्तार किया जा सकता है जिसमें राजभर और दारा सिंह चौहान मंत्री पर हासिल कर सकते हैं। उधर, ओपी राजभर ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने भी खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। राजभर ने कहा कि हमने अमित शाह जी से पूछा था कि मंत्रिमंडल विस्तार में इतना विलंब क्यों हो रहा है तो उन्होंने खरमास तक रुक जाने के लिए कहा है। अभी मंत्रिमंडल विस्तार की फाइनल तारीख तय नहीं हुई है, लेकिन खरमास के बाद किसी भी समय विस्तार की घोषणा हो सकती है।

मीडिया से बात करते हुए राजभर ने यह भी कहा कि सिर्फ ओम प्रकाश राजभर ही मंत्री नहीं बनेंगे, अन्य लोग भी मंत्री बनाए जा सकते हैं। हालांकि अन्य लोगों में से किसी का खुलकर नाम नहीं बताया।

राजभर ने गृहमंत्री से मुलाकात की दो फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है जिसमें उन्होंने लिखा है कि नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से नए साल पर आत्मीय मुलाकात हुई है। इस बैठक में यूपी, बिहार की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिति, लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही भर राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए प्रस्ताव जल्द से जल्द यूपी सरकार से दिल्ली सरकार को रिपोर्ट मांगने पर चर्चा हुई है।

राजभर ने अपने पोस्ट के जरिये बताया कि बंजारा जाति के सामाजिक समस्याओं व गोंड, ख़रवार जाति के जातिप्रमाण पत्र यूपी के सभी जिलों में सरकार द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र के शासनादेश का पालन कराकर जाति प्रमाण पत्र जारी कराने पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही वंचित शोषित वर्गों के हितों से जुड़े अहम विषयों पर भी सकारात्मक चर्चा हुई है।

बहराल ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान की स्थिति ठीक वैसे ही हो गई है जैसी योगी के पहले कार्यकाल में मौजूदा उर्जा और नगर विकास मंत्री एके शर्मा की हुई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काफी करीबी माने जाने वाले एके शर्मा को जब गुजरात से यूपी लाकर चुनाव लड़ाया गया था तो यहां तक चर्चा चल पड़ी थी, योगी सरकार के ऊपर मोदी ने एके शर्मा के रूप में 'पहरेदार' बैठा दिया है। शर्मा के योगी मत्रिमंडल में बड़ा विभाग मिलने की भी खूब चर्चा हुई लेकिन योगी ने शर्मा को अंत तक मंत्री पद की शपथ नहीं दिखाई, जबकि उनके ऊपर दिल्ली का काफी दबाव था। ऐसे में अब राजभर का दिल्ली दरबार वाला दबाव योगी पर कितना चल पायेगा, यह कहना मुश्किल है, राजभर की इस हिमाकत के चलते यदि राजभर से मंत्री पद की कुर्सी और दूर चली जाये तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

**महत्त्वपूर्ण**

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# भारत विरोधी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी : खान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भारत-बांग्लादेश संबंधों पर चर्चा करते हुए खान ने कहा, भारत हमेशा से बांग्लादेश का दोस्त रहा है... भारत के साथ हमारे संबंध विशेष हैं और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान इसने जो भूमिका निभाई, उसकी हमने हमेशा सराहना की है।**

कोलकाता/भाषा। बांग्लादेश में रविवार को होने वाले आम चुनावों से पहले वहां के गृह मंत्री असदुज्ज़मां खान ने कहा कि जब तक अवामी लीग सत्ता में है, ढाका कभी भी भारत विरोधी गतिविधि या आतंकवाद के लिए अपनी जमीन का इस्तेमाल नहीं होने देगा।

शेख हसीना सरकार के वरिष्ठ मंत्री ने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि उनके देश में चीनी निवेश चिंता का कारण नहीं होना चाहिए। साथ ही उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि स्थायी भारत-बांग्लादेश संबंधों की तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है और आने वाले दिनों में यह संबंध और भी मजबूत होंगे।

ढाका से 'पीटीआई-भाषा' को टेलीफोन पर दिए साक्षात्कार में खान ने कहा कि अवामी लीग सरकार सात जनवरी को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आम चुनाव के पक्ष में है। उन्होंने यह दावा भी किया कि मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बहुमत हासिल नहीं कर पाने के डर से चुनावों का बहिष्कार किया है।

बीएनपी ने आम चुनावों का बहिष्कार किया है क्योंकि अवामी लीग ने चुनाव कराने के लिए कार्यवाहक सरकार को सत्ता सौंपने से इनकार कर दिया था। खान ने कहा, बीएनपी और जमात ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में भारत विरोधी विभाजनकारी ताकतों को शरण दी थी। सत्ता में आने के बाद हमने उनका सफाया कर दिया। जब तक हम (अवामी लीग) सत्ता में हैं, बांग्लादेश कभी भी अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी भारत विरोधी गतिविधि, आतंकवादियों या विभाजनकारी ताकतों के लिए नहीं होने देगा।

अवामी लीग सरकार द्वारा भारत के साथ विकसित किए गए घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित करते हुए खान ने दावा किया कि बीएनपी जब भी सत्ता में आई है दोनों पड़ोसियों के बीच संबंध हमेशा प्रभावित हुए हैं और अल्पसंख्यकों को अत्याचार का सामना करना पड़ा है।

यह पूछे जाने पर कि अगर बांग्लादेश में अवामी लीग सत्ता में नहीं आती है तो क्या भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध प्रभावित होंगे, उन्होंने जोर देकर कहा, निश्चित रूप से, ऐसा होगा। अतीत में, हमने देखा है कि ऐसा हुआ है। भारत-बांग्लादेश संबंधों पर चर्चा करते हुए खान ने कहा, भारत हमेशा से बांग्लादेश का दोस्त रहा है... भारत के साथ हमारे संबंध विशेष हैं और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान इसने जो भूमिका निभाई, उसकी हमने हमेशा सराहना की है। ढाका और बीजिंग के बीच 'बढ़ती नजदीकी' के बारे में खान ने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच संबंधों की तुलना किसी अन्य रिश्ते से नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा, हमारी विदेश नीति सभी के साथ मित्रता और किसी के साथ द्वेष नहीं वाली है। इसलिए, हमारे सभी देशों के साथ संबंध हैं। चीन ने बिजली संयंत्रों, बुनियादी ढांचे में निवेश किया है और आर्थिक मोर्चे पर आक्रामक विपणन में लगा हुआ है। लेकिन भारत के साथ संबंध अलग हैं और इसका भारत-बांग्लादेश संबंधों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों के बारे में पूछे जाने पर देश के गृह मंत्री ने कहा, सरकार ने शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, हम धर्मनिरपेक्ष आदर्शों में विश्वास करते हैं। हम बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक में विश्वास नहीं करते। जब भी कोई अत्याचार हुआ है, हमने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। हिंदुओं की आबादी लगभग 10 प्रतिशत है।

यह दावा करते हुए कि समग्र अपराध की तुलना में हिंदुओं के खिलाफ अपराध का अनुपात बहुत कम है, उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, उन घटनाओं (हिंदुओं के खिलाफ अपराध) को उछाला जाता है।

बांग्लादेश में आम चुनावों पर खान ने कहा कि देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होंगे। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं कि लोग स्वतंत्र रूप से मतदान कर सकें। बीएनपी को आशंका है कि उसे चुनाव में कभी बहुमत नहीं मिलेगा। पार्टी हर गुजरते दिन के साथ जन समर्थन खो रही है।

बांग्लादेश में अवामी लीग 2008 से सत्ता में है और वहां सात जनवरी को चुनाव होने हैं।

## मुलाकात



नई दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में 'पंचायत से संसद तक' कार्यक्रम में देश भर से आईं ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों की महिला प्रतिनिधियों से मिलने पहुंचे लोकसभा अधयक्ष ओम बिरला।

# भारत, मॉरीशस संयुक्त रूप से लघु उपग्रह विकसित करेंगे

नई दिल्ली/भाषा। भारत और मॉरीशस एक लघु उपग्रह संयुक्त रूप से विकसित करेंगे और अगले साल की शुरुआत में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) इसे प्रक्षेपित करेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल को शुक्रवार को इस संबंध में अवगत कराया गया।

भारत और मॉरीशस ने पिछले साल एक नवंबर को विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन की पोर्ट लुइस यात्रा के दौरान एक संयुक्त लघु उपग्रह विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौता ज्ञापन से एक संयुक्त उपग्रह के विकास के साथ-साथ 'मॉरीशस रिसर्च एंड इनोवेशन काउंसिल' (एमआरआईसी) के ग्राउंड स्टेशन के इस्तेमाल के संबंध में सहयोग के वास्ते इसरो और एमआरआईसी के बीच सहयोग की एक रूपरेखा बनाने में मदद मिलेगी।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, इस संयुक्त उपग्रह की कुछ उपप्रणालियों को भारतीय उद्योगों की भागीदारी के माध्यम से अपनाया जाएगा और इससे उद्योग जगत को फायदा होगा।

इसमें कहा गया है कि इस उपग्रह के कार्यान्वयन को 15 महीने की समय सीमा में पूरा करने का प्रस्ताव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एमओयू के बारे में जानकारी दी गई।बयान में कहा गया है कि उपग्रह के इस संयुक्त विकास के माध्यम से होने वाले सहयोग से मॉरीशस में 'भारतीय ग्राउंड स्टेशन' के लिए मॉरीशस सरकार से निरंतर समर्थन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी, जो इसरो/भारत के प्रक्षेपण वाहन और उपग्रह मिशनों की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बयान के अनुसार इस संयुक्त उपग्रह के पूरी तरह से तैयार होने की अनुमानित लागत 20 करोड़ रुपए है, जिसे भारत सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

मॉरीशस के लिए संयुक्त रूप से एक लघु उपग्रह बनाने में एमआरआईसी द्वारा व्यक्त की गई रुचि के आधार पर, विदेश मंत्रालय ने इसरो से भारत-मॉरीशस संयुक्त उपग्रह को साकार करने पर चर्चा शुरू करने का अनुरोध किया था।



# रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' का ट्रेलर जारी

**मुंबई/एजेन्सी**

रोहित शेट्टी की धाकड़ फिल्म 'इंडियन पुलिस फोर्स' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो ओटीटी पर धमाका करने के लिए तैयार नजर आ रही है। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शिल्पा शेट्टी और विवेक ओबेरॉय नजर आएंगे। यह दोनों सितारे इंडियन पुलिस फोर्स के जरिये ओटीटी पर डेब्यू करने जा रहे हैं और ट्रेलर देखकर ऐसा लग रहा है कि यकीनन वो तहलका मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

इस फिल्म में मसाला, एक्शन, ड्रामा सब कुछ है। 3 मिनट 2 सेकंड के इस ट्रेलर में वो सब कुछ नजर आ रहा है जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधने का दम रखता है। इस ट्रेलर की शुरुआत होती है दिल्ली के पार्लियामेंट में हुए बम धमाके वाले सीन से जहां आग का गोला नजर आ रहा है। यहां से शुरू होती है दिल्ली पुलिस की जंग।

इस ट्रेलर में देश की राजधानी दिल्ली में सबसे अधिक सुरक्षा वाली जगह पार्लियामेंट हाउस के पास दिखाए हमले ने सुरक्षा तंत्र को हिलाकर रख दिया है। इसके बाद दिल्ली पुलिस में हड़कंप मच जाता है। इस ट्रेलर के शुरुआत में कहा जा रहा है, 'आज जो हुआ ये हमला किसी मार्केट पर नहीं हमारी हिम्मत, हमारे जज्बे पर हुआ है। सांप हमारे से खेलना चाहता है पर हम खेलते नहीं, दिल्ली पुलिस खेल खत्म करती है।' आखिरकार दिल्ली पुलिस से लेकर इंटेलिजेंस पर भी उंगलियां उठती हैं और फिर शुरू होती है अपराधियों को जड़ से दबोचने की जंग।

ट्रेलर में शिल्पा शेट्टी सिद्धार्थ मल्होत्रा की सीनियर ऑफिसर के रोल में हैं और काफी दमदार नजर आई हैं। ट्रेलर के एक सीन में शिल्पा सिद्धार्थ मल्होत्रा से पूछताछ करते हुए बताती हैं कि उनके बारे में जो सुना है वो कुछ अच्छा नहीं। हालांकि, सिद्धार्थ साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते कि वो इस टीम के सबसे शानदार सिपाही हैं। आखिरकार यही टीम दिल्ली पुलिस की वो धाकड़ टीम बन जाती है तो बम धमाका करने वालों को ढूंढ निकालने में जी-जान लगा देती है।

जांबाज पुलिस ऑफिसर्स की कहानियों पर 'सिम्बा', 'सिंघम' और 'सूर्यवंशी' जैसी शानदार एक्शन फिल्में बना चुके रोहित शेट्टी इस बार 'इंडियन पुलिस फोर्स' की कहानी लेकर आए हैं। ये कहानी है अपराध के खिलाफ दिल्ली पुलिस के जांबाज सिपाहियों की जो आपराधियों और आतंकियों के जड़ों तक पहुंचने के लिए अपनी जान का बाजी लगा देते हैं। इस फिल्म का प्रीमियर 19 जनवरी, 2024 को अमेज़न प्राइम वीडियो पर होने वाला है।

# महिलाओं के स्वसहायता समूह ने गाय के गोबर से बनाई राम मंदिर की प्रतिकृति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा। इंदौर में महिलाओं के एक स्वसहायता समूह ने अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर की 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में गाय के गोबर से इस मंदिर की प्रतिकृति और राम दरबार की मूर्तियां बनाई हैं।

देश के सबसे स्वच्छ शहर का यह समूह गाय के गोबर से कलाकृतियां और अन्य सामान बनाने के नवाचार के लिए मशहूर है।

एकता आत्मनिर्भर भारत स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष एकता मेहता ने शुक्रवार को ''पीटीआई-भाषा'' से कहा, हमारी बड़ी इच्छा है कि हम राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए अयोध्या जाएं, लेकिन वहां जाना हमारे लिए फिलहाल संभव नहीं है। इसलिए हमने गाय के गोबर से राम मंदिर की प्रतिकृति और राम दरबार की मूर्तियां बनाई हैं ताकि हम अपने तरीके से भगवान राम का स्वागत कर सकें।

मेहता ने बताया कि उनका स्व-सहायता समूह प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का उत्सव मनाने के लिए राम मंदिर की प्रतिकृति और राम दरबार की मूर्तियों को लोगों को नि:शुल्क बांटने की योजना भी बना रहा है। उन्होंने बताया कि उनका समूह गाय के गोबर से पेन स्टैंड, मोबाइल स्टैंड, बंदनवार, राखियां, डिब्बे आदि चीजें भी बनाता है।

मेहता ने बताया, मेरे समूह से फिलहाल 10 महिलाएं जुड़ी हैं। हम साल भर में करीब एक लाख रुपए का कारोबार कर पाते हैं। यह आंकड़ा बहुत कम है क्योंकि आम लोगों में गाय के गोबर से बने सामान को लेकर जागरूकता का अभाव है।

स्वसहायता समूह से हाल ही में जुड़ी महिलाओं में शामिल ममता शर्मा अपने काम को लेकर खासी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि गाय के गोबर से हमारे द्वारा बनाया जा रहा सामान एक दिन देश से बाहर भी पहुंचे।

# जयशंकर ने पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन किए

काठमांडू/भाषा। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को नेपाल के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान शिव के दर्शन किए और दोनों देशों के लोगों की कुशलक्षेम तथा भारत-नेपाल संबंधों के लिए प्रार्थना की।

जयशंकर 2024 में अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को नेपाल पहुंचे थे। उन्होंने यात्रा के दूसरे दिन देश में अपने कार्यक्रमों की शुरुआत करने से पहले सुबह-सुबह पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन किए।

जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज सुबह पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हमारे दोनों देशों के लोगों के कुशलक्षेम और भारत-नेपाल संबंधों के लिए प्रार्थना की।

## अभ्यास




रांची में संयुक्त राज्य अमेरिका की महिला हॉकी खिलाड़ी शुक्रवार को रांची के जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी पेरिस ओलंपिक 2024 क्वालीफायर मैचों से पहले अभ्यास सत्र के दौरान अभ्यास करती हुईं।



# 'मैरी क्रिसमस' का गाना 'नजर तेरी तूफान' रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ और दक्षिण भारतीय अभिनेता विजय सेतुपति स्टारर फिल्म मैरी क्रिसमस का गाना 'नजर तेरी तूफान रिलीज हो गया है। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म मैरी क्रिसमस में कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की मुख्य भूमिका है।इस फिल्म का गाना नजर तेरी तूफान रिलीज कर दिया है।

इस गाने में कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है और पापोन ने गाया है।

गाने के बोल वरुण ग्रोवर ने लिखे हैं। 'मैरी क्रिसमस' में संजय कपूर, विनय पाठक, प्रतिमा कन्नन और टीनू आनंद सहित कई कलाकार शामिल हैं। रमेश तौरानी, संजय राउत्रे, जया तौरानी और केवल गर्ग द्वारा निर्मित यह फिल्म 12 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'मैरी क्रिसमस' हिंदी के साथ-साथ तमिल और तेलुगु में भी रिलीज होगी।

# संजय दत्त ने अपनी मां नरगिस दत्त को किया याद

**मुंबई/वार्ता**



बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने सिंगिग रियालिटी शो 'इंडियन आइडल सीज़न 14' में अपनी मां नरगिस दत्त को याद किया है। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर 'इंडियन आइडल सीज़न 14', एक खास एपिसोड - 'सेलिब्रेटिंग संजय दत्त' प्रसारित होगा।संजय दत्त, ढोल-ताशा के बीच शो में शानदार एंट्री करेंगे और प्रतियोगियों द्वारा प्रस्तुत खूबसूरत परफॉर्मेंस का मजा लेंगे। वह मनोरंजन जगत में अपने समय की दिलचस्प बातें भी साझा करेंगे, साथ ही अपने माता-पिता की यादें भी साझा करेंगे।कोलकाता की प्रतियोगी अनन्या पाल वर्ष 1991 की फिल्म साजन के गाने 'तू शायर है मैं तेरी शायरी', 1986 की फिल्म जीवा से 'रोज़ रोज़ आंखों तले' और 1984 की फिल्म ज़मीन आसमान से 'ऐसा समां ना होता' पर प्रस्तुति देंगी।उनकी परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर, फिल्म 'साजन' में 'शायर' की भूमिका निभाने वाले संजय दत्त ने शायराना अंदाज में अनन्या की तारीफ करते हुए कहा, दिल करता है कि सुनता ही जाऊं, ऐसी प्यारी आपकी आवाज़ है।

जज श्रेया घोषाल ने संजय दत्त से उनके पिता, दिवंगत सुनील दत्त के साथ उनके रिश्तों के बारे में बताने का अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने कहा, मैं बस इतना कह सकता हूं कि कभी-कभी, हम अपने माता-पिता को हल्के में लेते हैं, यह मानते हुए कि वे ऐसा करेंगे, हमेशा हमारे लिए मौजूद रहेंगे, लेकिन मेरी मां ने मुझसे जो कुछ कहा था वो अब मेरे दिमाग में आता है। वो मुझसे कहती थी कि मैं उसके साथ समय बिताऊं, उसके साथ बैठूं, क्योंकि वो नहीं जानती थी कि वह कब चली जाएगी, और मुझे पछतावा है कि मैंने उनके साथ में पर्याप्त समय नहीं बिताया। अब, मुझे लगता है कि यदि मैंने उनकी बात सुनी होती और दिन में उनके साथ कुछ घंटे बिताए होते, तो शायद आज मुझे यह एहसास नहीं होता। 'इंडियन आइडल सीज़न 14', हर शनिवार और रविवार रात 08 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

# 'भूल भुलैया-3' में विद्या बालन की वापसी

**मुंबई/एजेन्सी**

विद्या बालन और अक्षय कुमार की फिल्म 'भूल भुलैया' की सफलता के बाद 'भूल भुलैया 2' में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी थी। इस फिल्म में तब्बू लीड एक्ट्रेस थीं। यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हुई थी। अब 'भूल भुलैया' और 'भूल भुलैया-2' की बंपर सफलता के बाद फिल्म के मेकर्स इसके तीसरे सीक्वल पर काम कर रहे हैं। 'भूल भुलैया-3' को लेकर खास खबर सामने आई है। खबर है कि कार्तिक आर्यन बेहद जल्द फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। जूम की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मेकर्स ने कार्तिक के साथ 'भूल भुलैया 3' का हिस्सा बनने के लिए विद्या बालन से संपर्क किया है क्योंकि तब्बू अब फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि विद्या बालन ने अभी फिल्म साइन नहीं की है लेकिन वह इस भूमिका को निभाने के लिए काफी उत्सुक हैं। कथित तौर पर इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि अभिनेत्री अनीस बज़्मी निर्देशित फिल्म में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा या पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले, खबरें थीं कि सारा अली खान आने वाली इस फिल्म में कार्तिक के साथ अभिनय करेंगी। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'भूल भुलैया-3' इसी साल मार्च में फ्लोर पर जाएगी। फिल्म को लेकर हाल ही में फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार, निर्देशक अनीस बज़्मी और एक्टर कार्तिक आर्यन ने मीटिंग की। इस फिल्म को फ्लोर पर लाने के लिए सभी तैयार हैं।



रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने साझा किया कि भूल भुलैया फ्रेंचाइजी उनके दिलों में एक विशेष स्थान रखती है। इसके लिए वह अनीस जैसे क्रिएटिव माइंड और कार्तिक जैसे शानदार टैलेंटेड एक्टर संग फिर काम करने के लिए काफी बेताब हैं। उन्होंने अपने दिल की बातें बताते हुए कहा था कि हम साथ मिलकर एक बार फिर से एक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार हैं जो फ्रेंचाइजी के ओहदे को और बढ़ा देगा। इसके साथ ही दर्शकों के लिए हंसी और रोमांच को दोगुना कर देगा। दूसरी ओर, अनीस ने भी कहा कि वह भूल भुलैया की दुनिया को आगे बढ़ाने के लिए रोमांचित हैं। पिछली किस्त में, रूह बाबा सबसे पसंदीदा किरदार बन गया था और दर्शकों के आनंद के लिए इसे और भी बेहतर बनाना एक मजेदार और रोमांचक चुनौती होगी।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड कर्नाटक (एनएफबी) द्वारा गुरुवार को कोंडज्जा बासप्पा आडिटोरियम में राज्य स्तर पर 215वाँ विश्व ब्रेल दिवस तथा संस्था का 19वाँ वार्षिकोत्सव अत्यंत उल्लासमय वातावरण में मनाया गया।



# समाजसेवा व जनहित के काम में लगे प्रोफेशनलों का सम्मान करेगा जीतो मैसूरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के जीतो चैप्टर के तहत जीतो प्रोफेशनल फोरम सम्मान की शुरुआत की। इस फोरम में समाज एवं जनहित में अपनी अमूल्य सेवाएँ प्रदान करनेवाले जैन डाक्टर , चार्टर्ड अकाउंटेंट, वकील,आईपीएस, आईएस अधिकारी, अभियंता का सम्मान कर उनके द्वारा प्रदान की जा रही अमूल्य सेवाओं की अनुमोदना की जाएगी ताकि आने वाली पीढ़ियों को प्रोत्साहन मिले। इस अभियान को गति देने के लिए शुक्रवार को जीतो के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, उपाध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, कोषायक्ष विनोद बाकलीवाल, पीआरओ रमेश नौलखा, केकेजी जोन संयोजक चन्द्रगुप्त कटारिया की उपस्थिति में राजेश कोठारी व प्रकाश दक के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया।

यह कमेटी मैसूरु के प्रोफेशनलों को खोजकर उनसे सम्पर्क करेंगी। बैठक में ऐसे प्रोफेशनलों की खोज कर आगामी 3 फरवरी को कार्यक्रम करने पर चर्चा हुई।



# 'प्रभु पार्श्वनाथ का नाम जप ही कल्याणकारी है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अरसीकेरे। चातुर्मास सम्पन्न कर विहार करते हुए आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीश्वरजी अपने सहयोगी संतों के साथ शुक्रवार को अरसीकेरे संकटमोचन पार्श्व भैरव धाम पहुंचे। आचार्यश्री की निश्रा में पार्श्वनाथ प्रभु के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के उपलक्ष्य में त्रिदिवसीय उजमणी स्वरूप पोष दशमी का मेला प्रारंभ हुआ। सुबह सामैया के साथ संतों में तीर्थ धाम में प्रवेश किया। आचार्यश्री की निश्रा में मेले के प्रथम दिन पार्श्व पद्मावती पूजन विधिकारक तुषार गुरु ने करवाई। संगीतकार संभव ग्रुप ने भजनों की प्रस्तुति दी। अट्ठम तप आराधना के महत्व को समझाते हुए आचार्यश्री ने कहा कि प्रभु पार्श्वनाथ का नाम जप ही कल्याणकारी है। उन्होंने पार्श्व प्रभु के जन्म कल्याणक को पालणे एवं चौदह सपने तथा जन्म वांचन कार्यक्रम के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।



## एनएफबी कर्नाटक ने हर्षोल्लास से मनाया विश्व ब्रेल दिवस व 19वाँ वार्षिकोत्सव

# दिव्यांगजनों में कानून के प्रति जागरूकता होना जरूरी : अजय अरोड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड कर्नाटक (एनएफबी) द्वारा गुरुवार को कोंडज्जा बासप्पा आडिटोरियम में राज्य स्तर पर 215वाँ विश्व ब्रेल दिवस तथा संस्था का 19वाँ वार्षिकोत्सव अत्यंत उल्लासमय वातावरण में मनाया गया, जिसमें बेंगलूरु सहित राज्य के अलग-अलग शहरों से बड़ी संख्या में आए सदस्यों ने भाग लिया। दो सत्रों में पूरे दिन भर चले समारोह का उद्घाटन एनएफबी के अध्यक्ष नागराज, महासचिव गौतम अग्रवाल सहित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। समारोह में दृष्टिबाधित आईएएस अधिकारी और पंजाब सरकार के समाज कल्याण विभाग के अतिरिक्त सचिव अजय अरोड़ा तथा प्रसिद्ध कन्नड़ फिल्म अभिनेता श्रीनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। राज्य के दिव्यांगजन आयुक्त दास सूर्यवंशी, दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक सशक्तिकरण निदेशालय सिद्धेश्वर, ओम सेवा केंद्र के संस्थापक डॉ. सी.एन.कृष्ण गुरुजी, प्रीस्कूल ब्रांड एटम लीव्स बेंगलूरु के सह-संस्थापक शरत खादरी, न्यूज 18 टीवी चैनल के संपादक हरिप्रसाद तथा दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग समन्वयक अनंत विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। एनएफबी की ओर से सभी अतिथियों का शाल, माला एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। एनएफबी की सचिव गीतारमण ने समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत किया और अपने स्वागत भाषण में फेडरेशन की प्रमुख गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर संस्था की ओर से विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 के रोड माडल कर्मचारी के लिए श्री विनय कुमार को, स्व रोजगार के क्षेत्र में रोल मॉडल के लिए श्री श्रेयस तथा खेल के क्षेत्र में सुश्री वर्षा को रोल मॉडल खिलाड़ी के सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही शरत एस. को एनएफबी डिग्निटी ऑफ कम्युनिटी सम्मान तथा चार स्वयंसेवकों (वालंटियर्स) गणेश नाइक, गंगाधर कृष्णप्पा, सागर एस. कौलगुड एवं सुश्री सौम्या को एश्रएफबी मानव सेवा सम्मान से तथा फेडरेशन की वरिष्ठ सदस्य श्रद्धा गोपाल तथा सुशीला को भी उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अजय अरोड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों के लिए बनाए गये कानूनों के बारे में दिव्यांगों को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है ताकि वे इनका लाभ उठा सकें। दिव्यांग कल्याण विभाग के आयुक्त दास सूर्यवंशी ने अपने वक्तव्य में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अन्य अतिथियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। एनएफबी कर्नाटक के महासचिव गौतम अग्रवाल ने इस अवसर पर अपने भाषण में दृष्टिबाधित समुदाय के लोगों से सम्बन्धित परेशानियों एवं चुनौतियों का उल्लेख करते हुए मंचासीन सरकारी प्रतिनिधियों तथा समाज के सभी जिम्मेदार लोगों से उन पर विशेष ध्यान देने का अनुरोध किया। संस्था के अध्यक्ष नागराज ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री दिव्या एवं हर्षा ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में मित्र ज्योति की प्रबंध न्यासी सुश्री मधु सिंघल, विद्यासागर गुप्ता सहित अनेक अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## मंदिर प्रतिष्ठा का न्यौता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु में निर्माणाधीन सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की आमंत्रण पत्रिका देने हेतु शर्मा ट्रांसपोर्ट के प्रमुख सुनील शर्मा अपनी धर्मपत्नी संतोष शर्मा भाभी चन्द्रा सुरेश शर्मा के साथ कुडलुगेट स्थित श्रीनिवास शर्मा के घर पहुचें। यहां उन्होंने मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए सभी को प्रतिष्ठा महोत्सव में उपस्थित होने के लिए न्यौता दिया। इस मौके पर श्रीनिवास शर्मा, गौरव, सौरव एवं जीतेश शर्मा ने उनका स्वागत शॉल ओढाकर, माला पहनाकर एवं साफा पहनाकर किया। इस मौके पर समाज के प्रवीण शर्मा, राजेंद्र, संदीप, राजेश, अनिल, नरेन्द्र, प्रकाश, महेन्द्र, चेतन शर्मा, अशोक शर्मा एवम विजय कुमार शर्मा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मोबाइल रक्तदान शिविर में एकत्र हुआ 14 यूनिट रक्त

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली । शा धामजी जादवजी छेड़ा राष्ट्रोत्थान ब्लड सेन्टर द्वारा मोबाइल रक्तदान बस शिविर का आयोजन एयरपोर्ट रोड पर किया जिसमें कुल 14 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में हुब्बल्ली सेन्ट्रल के विधायक महेश टेंगेकई, मेयर वीणा भारद्वाज, ब्लड सेन्टर के दत्तमूर्ति कुलकर्णी,विनोद पटवा, श्रीधर जोशी आदि सदस्य उपस्थित थे। इस शिविर में युवक वर्ग ने उत्साह मोबाइल रक्तदान शिविर में भाग लिया और रक्तदान के महत्व को फैलाने का कार्य किया। विनोदकुमार पटवा ने बताया कि एकल रक्तदान कई जिन्दगियों को बचा सकता है। राष्ट्रोत्थान बल्ड सेन्टर हर दिन शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यह मोबाइल बस रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्त का संग्रह किया जा सके।





# 'जीवन में प्रकाश के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है प्रेक्षाध्यान'

## चेतना केन्द्र में आठ दिवसीय आवासीय प्रेक्षाध्यान शिविर शुरु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आचार्य तुलसी महाप्रज्ञ चेतना सेवा केंद्र में चतुर्थ अष्ट दिवसीय आवासीय प्रेक्षाध्यान शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। नीता सेठिया एवं शिल्पा दक द्वारा त्रिपदी वंदना प्रस्तुत कीगई। प्रेक्षा प्रशिक्षिकाओं व प्रशिक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से प्रेक्षा गीत का गान किया गया। प्रेक्षा प्रशिक्षक, दक्षिण की संयोजिका तथा शिविर व्यवस्था संचालन समिति की संयोजिका वीणा बैद ने उपस्थित सभी जनों का स्वागत किया। इस मौके पर वीणा बैद ने कहा कि प्रेक्षाध्यान जीवन में प्रकाश के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है तथा प्रेक्षाध्यान एक समग्र जीवन शैली है जो सम्पूर्ण जीवन को अलौकित करती है।

दिल्ली से आए प्रेक्षा फाउंडेशन के सह संयोजक तथा अखिल भारतीय शिविर संयोजक विमल गुनेचा ने कहा कि अपने आप को देखना ही प्रेक्षाध्यान के शिविर का लक्ष्य है। सभी शिविरार्थीयों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने की प्रेरणा दी।

दिल्ली से आईं प्रेक्षा प्रशिक्षिका एवं नार्थ जोन प्रेक्षा प्रशिक्षक सह-संयोजक सविता जैन ने सभी शिविरार्थियों को समय की पाबन्दी तथा ज्यादा से ज्यादा मौन साधना की प्रेरणा दी। इस शिविर में चेन्नई, वेल्लूर, तिरुपुर के साथ साथ बेंगलूरु के प्रतिभागी भी प्रेक्षाध्यान साधना का लाभ ले रहे है। गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन के साथ उदघाटन सत्र सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का संचालन प्रेक्षा प्रशिक्षक दक्षिण के सहसंयोजक छत्र सिंह मालू ने किया।

## निशुल्क आर्थोपेडिक शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



'मिशन प्रगति' के तहत रेनबो चिल्ड्रेन हॉस्पिटल ने निःशुल्क बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जिसमें आर्थोपेडिक चुनौतियों का सामना करने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों की आवश्यकतानुसार शल्य चिकित्सा की गई। मारथहल्ली स्थित अस्पताल में आर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. जयंत संपत, डॉ. गिरीश कुमार और डॉ. अभिलाष श्रीवास्तव के नेतृत्व में मुफ्त परामर्श, सर्जरी और व्यापक देखभाल प्रदान की गई। इस शिविर का शुभारंभ महादेवपुरा क्षेत्र की विधायक मंजुला लिंबावली व अस्पताल की सीओर संजीव सुकुमारन आदि ने किया।



# केपीएस सारक्की स्कूल में आयोजित हुई खेलकूद प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन की शिक्षा योजना की अंतर्गत जेपीनगर स्थित केपीएस सारक्की स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

केएमवाईएफ द्वारा कई वर्षों से इस स्कूल को कम्प्यूटर लैब डिजिटल शिक्षा सहित खेलकूद सामग्री एवं गणवेश दी जा रही है। इस अवसर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पूर्व पार्षद नटराज, केएमवाईएफ के मंत्री रणजीत मेहता, राहुल मेहता सहित प्रधानाचार्य एवं उपप्रधानाचार्य ने पुरस्कृत किया। फेडरेशन के उपाध्यक्ष प्रशान्त सिंघी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में करीब 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



# निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 50 मरीज हुए लाभान्वित

चिकबल्लापुर/दक्षिण भारत। शहर के महावीर जैन संघ व प्रोजेक्ट दृष्टि के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय एसएस जैन भवन में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से किया गया। शिविर में 52 मरीजों की आंखों की जांच हुई तथा 25 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनीत किया गया तथा जैन मिशन अस्पताल में डॉ नरपत सोलंकी के नेतृत्व में आपरेशन सम्पन्न हुई। यह जानकारी अस्पताल के मंत्री उत्तमचन्द कोठारी ने दी।

# मित्र मंडल का स्वर्ण जयंती समारोह व रामलला महोत्सव 22 को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय श्री मित्र मंडल के तत्वावधान में संस्था के स्थापना का स्वर्ण जयंती समारोह एवं रामलला महोत्सव का आयोजन 22 जनवरी को ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में किया जा रहा है। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में 'दक्षिण भारत राष्ट्रमत' हिन्दी दैनिक के समूह सम्पादक श्रीकांत पाराशर शामिल होंगे।

मंडल के अध्यक्ष रामेश्वरलाल पंचारिया ने बताया कि 22 जनवरी को मध्याह्न 3.30 बजे से माहेश्वरी भवन में सुन्दरकांड का पाठ होगा जिसमें जसवंतगढ़ नागरिक परिषद के सदस्य प्रस्तुति देंगे। मंच कार्यक्रम शाम 6.30 बजे प्रारंभ होगा तथा भजन संध्या रात 7.15 से शुरु होगी जिसमें जाने माने गायक निरंजन सारड़ा व हरिकिशन सारड़ा भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंत्री कमल लिल्हा ने सभी मित्रों व सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक
www.dakshinbharat.com

## पवित्र मिट्टी और जल



हनुमान की जन्मभूमि कर्नाटक की किष्किंधा से पवित्र मिट्टी और तुगभद्रा का जल लेकर विश्व हिन्दू के प्रवक्ता शशिकांत शर्मा और उत्तर भारतीय बजरंग दल के अध्यक्ष हरिराम देवासी बेंगलूरु से अयोध्या पहली हवाई यात्रा कर अयोध्या पहुंचे। यहां पहुंचकर मिट्टी और जल अयोध्या धाम में समर्पित किया। गौरतलब है कि अयोध्या में गत 5 अगस्त 2020 को मंदिर नींव पूजा के समय में हरिराम देवासी अपने गांव फालका से कदम वृक्ष की मिट्टी लेकर पहुंचे थे।

# जीतो जेबीएन पायोनियर्स की बैठक में हुए कई लाखों के व्यवसायिक समझौते



बेंगलूरु/दक्षिण भारत । जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन जीतो नार्थ के जेबीएन पायोनियर्स कीी व्यवसायिक बैठन आयोजित हुई। संस्था के अध्यक्ष आशीष भंसाली, उपाध्यक्ष मेहुल सकलेचा व सचिव रिंकु बाफना के नेतृत्व में आयोजित बैठक में जीतो दिल्ली नॉर्थ के उपाध्यक्ष व जेएटीएफ ट्रस्टी राहुल जैन ने कहा कि जेबीएन एक ऐसा समूह है जो इसके सदस्यों के व्यवसाय को ऊँचाइयों पर ले जाने के अनेकों अवसर देता है। उन्होंने कहा कि जेबीएन की नींव में सहयोग की भावना का मिश्रण तथा उन्नति की प्रतिबद्धता है। उन्होंने बेंगलूरु जेबीएन के कार्य करने के तरीके की सराहना की।

नवकार मंत्र से प्रारंभ सभा में मेहुल सकलेचा ने सभी का स्वागत किया। जीतो नॉर्थ के सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना के अनुसार समूह में अलग-अलग श्रेणी के सदस्यों के जुड़ने से अध्याय को मजबूती मिलती है व साथी सदस्यों को व्यवसाय के अधिक अवसर मिलते है। सभा में शिक्षा स्लॉट के अन्तर्गत मनोज कोचर ने स्वयंसेवा के मूल्य व अवसरों पर प्रकाश डाला तथा उनका स्वयं के विकास में उपयोग को समझाया। प्रस्तुति स्लॉट में वी इवेंट्स के संजय ने अपनी सेवाओं की प्रस्तुति दी। नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार 35 सदस्यों के बीच लगभग 70 लाख रुपयों के व्यवसायिक समझौते हुए। सभा में सभी सदस्यों को अपने व्यवसायिक परिचय के लिये समय दिया गया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com